मंगलवार

07 नवंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




बिहार विधानसभा का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र शुरू

2



# दिल्ली में वायु प्रदूषण रोकने के लिए 13 से 20 नवंबर तक ऑड-ईवन फॉर्मूला लागू

- केजरीवाल सरकार ने बैठक में लिया फैसला, बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल कार पर जारी रहेगा बैन
- प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली में वायु की गुणवत्ता की स्थिति गंभीर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच केजरीवाल सरकार ने एक बार फिर ऑड-ईवन लागू करने का फैसला किया है। यह ऑड-ईवन 13 से 20 नवंबर तक लागू रहेगा। सरकार के फैसले के मुताबिक, दिल्ली में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल कार पर बैन जारी रहेगा और किसी भी तरह का निर्माण नहीं होगा। इसके अलावा दिल्ली में अब 6वी, 7वी, 8वी, 9वी, और 11वी की फिजिकल क्लास 10 नवंबर तक बंद रहेंगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, वायु प्रदूषण को देखते हुए ऑड-ईवन वाहन प्रणाली 13 से 20 नवंबर तक एक सप्ताह के लिए लागू रहेगी। उस एक सप्ताह के ऑड-ईवन की समीक्षा करके, उस समय जो प्रदूषण की स्थिति होगी उसकी समीक्षा करके आगे का निर्णय लिया जाएगा।

वहीं इससे पहले दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण को देखते हुए 'रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ' अभियान लागू किया था। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते एक्यूआई के बीच दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी। बैठक के बाद उन्होंने बताया था कि शहर में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे। दिल्ली में 13 प्रदूषण हॉटस्पॉट हैं। उन्होंने कहा कि यहां विशेष टीमों को तैनात किया जा रहा है। प्रदूषण की रोकथाम के लिए सरकार ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के अगले चरण को भी लागू कर दिया है। लेकिन फिर भी दिल्ली में प्रदूषण से राहत नहीं मिल रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली भर में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। दिल्ली में सोमवार के वायु प्रदूषण स्तर की बात करें तो आरके पुरम में एक्यूआई 466, आईटीओ में 402, पटपड़गंज में 471 और न्यू मोती बाग में 488 दर्ज किया है।



### 10 तक सभी स्कूल बंद, क्लास 6-12 तक ऑनलाइन क्लास

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने 10 नवंबर तक के लिए सभी स्कूलों को बंद कर दिया है। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने एक्स पर लिखा कि 'चूंकि प्रदूषण का स्तर लगातार ऊंचा बना हुआ है, इसलिए दिल्ली में प्राथमिक स्कूल 10 नवंबर तक बंद रहेंगे। ग्रेड 6-12 के लिए स्कूलों को ऑनलाइन कक्षाओं में शिफ्ट होने का विकल्प दिया गया है।

**2016 में पहली बार लागू हुआ था ऑड ईवन:** मालूम हो, साल 2016 की जनवरी में जब वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मुश्किलें आ रही थीं, तब दिल्ली सरकार ने पहली बार ऑड-ईवन नियम लागू किया था। इसके बाद यह नियम अप्रैल 2016 में भी लागू हुआ। नियम यही था कि 2, 4, 6, 8 और 0 वाली तारीखों पर ईवन नंबर की गाड़ियां चलाई जा सकेंगी। वहीं, 1, 3, 5, 7 और 9 वाली तारीखों पर ऑड नंबर प्लेट की गाड़ियां सड़कों पर उतर सकेंगी।

# दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों में भूकंप के तेज झटके

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश की राजधानी दिल्ली सहित उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र नेपाल में है और रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.6 मापी गई है। बिहार के सीमावर्ती जिलों में इसका असर ज्यादा देखा गया। पटना में समेत कई शहरों में भूकंप के झटकों के बाद लोग अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। लाइट और बिजली पंखे हिलने लगे। बिहार के कई जिलों में भूकंप के तेज झटके महसूस हुए। पूर्णिया और दरभंगा में भी हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने के मुताबिक, भूकंप का केंद्र नेपाल में 10 किलोमीटर की गहराई में था और यह भारतीय समय के मुताबिक शाम 4 बजकर 16 मिनट पर आया। यह तीन दिनों में तीसरी बार, जबकि बीते एक महीने में यह पांचवीं बार है, जब नेपाल में भूकंप के तेज झटके आए हैं।

भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई लोगों ने फर्नीचर के बहुत तेज हिलने की सूचना दी। 3 नवंबर की रात नेपाल में आए 6.4 तीव्रता के भूकंप में 160 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 165 से अधिक घायल हुए हैं। भूकंप के कारण नेपाल के जाजरकोट और रुकुम पश्चिम जिलों में भीषण तबाही हुई है।

## विधानसभा चुनाव: संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से निगरानी

# छत्तीसगढ़ की 20 और मिजोरम की 40 सीटों के लिए वोटिंग आज

**एजेंसी/नई दिल्ली**

7 नवंबर को छत्तीसगढ़ की 20 और मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा। वहीं 17 नवंबर को छत्तीसगढ़ की शेष बची 70 सीटों पर वोटिंग होगी। पहले चरण में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित संभाग बस्तर की 12 सीटों पर वोट डाले जायेंगे, दुर्ग संभाग के नक्सल प्रभावित 8 सीटों पर मतदान होगा, इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी कर रखी है। इसके बाद दूसरे चरण में शेष बची 70 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होगा। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में है और भाजपा मुख्य विपक्षी दल है, 2018 में कांग्रेस ने भाजपा को 15 साल सत्ता में रहने के बाद हटाया था, कांग्रेस को 68 सीटें मिली थी और भाजपा 15 सीटों पर सिमट गई थी।

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान दो स्लॉट में होगा। इन दो अलग-अलग स्लॉट में दस-दस विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। पहला स्लॉट सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक और दूसरा स्लॉट सुबह 7 बजे से 3 बजे तक है। पहले चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें से ज्यादातर सीटें नक्सल प्रभावित इलाकों में हैं। इनमें बस्तर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कवर्धा और राजनांदगांव जिले शामिल हैं। छत्तीसगढ़ चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है। राज्य में वर्तमान में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार है। पहले चरण में जिन 20 सीटों पर मतदान होना है उनमें से 12 एसटी के लिए जबकि एक एससी वर्ग के लिए आरक्षित है। 2018 के चुनाव में भाजपा को इन 20 सीटों में से 18 पर हार का सामना करना पड़ा था। छत्तीसगढ़ की जिन सीटों पर पहले चरण में वोटिंग होनी है, उनमें 5 वीआईपी कैंडिडेट मैदान में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी नेता डॉ. रमन सिंह, राजनांदगांव विधानसभा सीट से मैदान में हैं। कवर्धा सीट पर मौजूदा भूपेश बघेल सरकार में मंत्री मोहम्मद अकबर लड़ रहे हैं। तीसरा वीआईपी चेहरा कांग्रेस कमेटी की छत्तीसगढ़ राज्य इकाई के अध्यक्ष दीपक बैज हैं। कोंडागांव से लता उसेंडी को बीजेपी ने मैदान में उतारा है, जिन्हें बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा की टीम में भी जगह दी गई है। लता उसेंडी से मुकाबले के लिए भूपेश बघेल सरकार में मंत्री मोहन मरकाम को बीजेपी ने कोंडागांव से टिकट दिया है। मोहन मरकाम छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

वहीं मिजोरम में आइजोल पूर्व-I सीट पर मुख्यमंत्री जोरमथांगा चुनाव लड़ रहे हैं। जोरम पीपुल्स मूवमेंट के उपाध्यक्ष लालथनसांगा भी यहां से मैदान में हैं। जोरम पीपुल्स मूवमेंट के सीएम पद के उम्मीदवार लालदुहोमा सेरछिप से चुनाव लड़ रहे हैं, उनका यहां मिजो नेशनल फ्रंट नवागंतुक जे माल्सावमजुअल वानचावंग और कांग्रेस से आर वानलालट्लुआंगा उम्मीदवार हैं। इसके अलावा, आएजोल पश्चिम-III सीट पर जेडपीएम के विधायक वीएल जैथनजमा, कांग्रेस अध्यक्ष लालसावता और एमएनएफ उम्मीदवार के. सावमवेला के बीच टक्कर है।



### छत्तीसगढ़ के इन संवेदनशील इलाकों में रहेगी हाई सिक्योरिटी

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के संवेदनशील इलाकों में पड़ने वाले पोलिंग बूथों पर हाई सिक्योरिटी के इंतजाम किए गए हैं। यहां पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और छत्तीसगढ़ के करीब 60 हजार जवानों की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन और हेलीकॉप्टर से निगरानी की जाएगी और माओवादी गतिविधियों पर नजर रहेगी। बस्तर के पांच विधानसभा क्षेत्रों को अति संवेदनशील मानते हुए 149 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा की गई है। यो मतदान केंद्री अंतागढ़, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर और कोंटा सीटों के अंतर्गत हैं।

**मिजोरम के संवेदनशील इलाके:** मिजोरम में अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमा के आसपास करीब 30 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। पूरे राज्य और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर 3,000 पुलिस कर्मी और 5,400 केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

## रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो पर अमिताभ बच्चन ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसे लेकर अमिताभ बच्चन ने चिंता जाहिर की है। दरअसल इंटरनेट पर रश्मिका मंदाना का वायरल वीडियो फर्जी है। यह एक डीपफेक वीडियो है। अब सवाल उठता है कि आखिर डीपफेक क्या है? किसी रियल वीडियो में दूसरे के चेहरे को फिट कर देने को डीपफेक नाम दिया गया है, जिसे आप लोग यकीन मान लें। डीपफेक से वीडियो और फोटो को बनाया जाता है। इसमें मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया जाता है। इसमें वीडियो और ऑडियो को टेक्नोलॉजी और सॉफ्टवेयर की मदद बनाया जाता है। इसी डीपफेक से रश्मिका मंदाना का वीडियो बनाया गया।

दरअसल अभिषेक नाम के एक एक्स यूजर ने रश्मिका मंधाना के डीपफेक वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि डीपफेक को रोकने के लिए लेकर भारत में तत्काल कानून दिशा-निर्देश बनाने की जरुरत है। उन्होंने बताया कि कैसे जारा पटेल के डीपफेक वीडियो को एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का बताकर वायरल किया जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अमिताभ बच्चन ने लिखा का बिल्कुल, यह एक मजूबत कानूनी केस है। अमिताभ बच्चन के पोस्ट के बाद मामले में सरकार को सफाई देना पड़ी है। सरकार की तरफ से केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक पर पोस्ट लिखकर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले सभी डिजिटल नागरिक की सुरक्षा और भरोसे को सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

## इजरायल-हमास जंग को लेकर पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से की बात



**एजेंसी/नई दिल्ली**

इजरायल और हमास के बीच चल रही जंग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि पश्चिम एशिया के मुश्किल हालात, इजराइल-हमास संघर्ष को लेकर ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी से फोन पर बात की। उन्होंने और ईरान के राष्ट्रपति रईसी ने तनाव कम करने, मानवीय सहायता जारी रखने और शांति की शीघ्र बहाली पर जोर दिया। पीएम मोदी ने आगे कहा कि चाबहार बंदरगाह सहित द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति का स्वागत किया। पीएम मोदी इससे पहले फोन पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और फिलिस्तीन प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से भी बात कर चुके हैं। इजरायल और हमास के बीच सात अक्टूबर से जंग जारी है। सात अक्टूबर की सुबह हमास ने इजरायल पर रॉकेट हमला करते हुए घुसैपठ कर दी थी। हमास के इस अटैक में इजरायल के 1400 लोगों की जान चली गई। वहीं इजरायल के हमलों में फिलिस्तीन के 10 हजार से ज्यादा लोगों की जान गई है।

## उत्तर प्रदेश एटीएस ने दो आतंकियों को किया गिरफ्तार

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने आईएसआईएस से जुड़े दो सेल्फ रेडिक्लाइज्ड आतंकियों को अलीगढ़ के अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया है। इनमें कथित आतंकी अब्दुल अर्सलान और माज उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के रहने वाले हैं। यूपी एटीएस ने आरोपियों से आईएसआईएस का प्रतिबंधित साहित्य और पेन ड्राइव बरामद की है। आतंकियों ने आईएसआईएस की बैयत (शपथ) भी ले रखी है। इन दोनों पर दुनिया में खलीफाराज कायम करने के लिए जिहादी सेना बनाने का आरोप है। हैंडलर्स के निदेशों पर यूपी में बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों से बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से देश विरोधी आतंकी विचारधारा के कई समूहों का खुलासा हुआ। कई समूह आईएसआईएस और एक्यूआईएस का प्रतिबंधित साहित्य आदान-प्रदान करते थे।

## मुख्यमंत्री ने की काशी में देव दीपावली को लेकर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा

# काशी की देव दीपावली में पांच लाख पर्यटक होंगे शामिल

- 9 जोन, 11 सेक्टर और 32 सब सेक्टर में बांटे जाएंगे घाट
- घाटों पर तैनात रहेंगी एंटी रोमियो स्क्वॉड टीमें, हर घाट पर रहेंगी महिला पुलिसकर्मी

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

नित्य महोत्सव वाले उत्तर प्रदेश में आगामी दिनों में कई बड़े धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन होने हैं। अयोध्या के दीपोत्सव के बाद काशी की देव दीपावली में भी लाखों की संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देव दीपावली पर वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस की सुरक्षा संबंधित तैयारियों की समीक्षा की है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस बार देव दीपावली पर 5 लाख से ज्यादा पर्यटकों के आने का अनुमान है। इसे देखते हुए काशी को अभेद्य किला बनाने की कवायद अभी से शुरू कर दी गई है। काशी के 84 घाटों को 9 जोन, 11 सेक्टर और 32 सब सेक्टर में बांटकर सुरक्षा-व्यवस्था का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है।



**बनारस की गलियों में तैनात होंगी क्यूआरटी की 20 टीमें:** मुख्यमंत्री को वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन और जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बताया है कि काशी में देव-दीपावली के दौरान सात घाटों पर सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ने की संभावना है। इनमें अस्सी घाट, दशाश्वमेध घाट, अहिल्याबाई घाट, राजघाट, चेतसिंह घाट, नमो घाट और पंचगंगा घाट शामिल हैं। घाटों की सुरक्षा के लिए पहले से ही पूरा प्लान वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने तैयार कर रखा है। साथ ही घाटों से लगने वाली संकरी गलियों में भी बड़े स्तर पर फोर्स का डिप्लॉयमेंट किया जाएगा। इसके अलावा अत्यधिक भीड़ वाले घाटों पर क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) की 20 टीमें तैनात रहेंगी। साथ ही 11 विशेष टीमें लाउडहेलर के साथ घाटों पर पेट्रोलिंग के लगाई जाएंगी। इतना ही नहीं काशी के 17 प्रमुख घाटों पर एंटी रोमिया स्क्वॉड की टीमें भी होंगी साथ ही साथ हर घाट पर महिला पुलिसकर्मियों की टीम भी मौजूद रहेगी। इसके अलावा 16 गोताखोरों का दस्ता नदी में डूबने से बचाव के लिए उपलब्ध रहेगा।

### महिलाओं की सुरक्षा के लिए 11 पिंक बूथ

मुख्यमंत्री को बताया गया कि देव दीपावली पर पर्यटकों को घाटों के दिव्य-भव्य नजारे को दिखाने के लिए गंगा में लगभग 1200 नौकाएं संचालित होंगी। इसे लेकर नाविकों के साथ पहले ही बैठक पूरी कर ली गई है और उन्हें आवश्यक दिशानिर्देश भी दे दिये गये हैं। इसके अलावा भीड़ प्रबंधन के लिए शहर के पांच स्थानों पर मजबूत बैरिकेडिंग की जाएगी। इनमें मैदागिन, अस्सी, गोदौलिया, भदऊ चुंगी और रामापुरा में बैरिकेडिंग की जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए 11 पिंक बूथ होंगे। वहीं 7 स्थानों राजघाट, नमोघाट, रामनगर के हनुमान मंदिर, बंगाली टोला इंटर कॉलेज, डुमराव बाग, गोदौलिया चौराहा और रामापुरा चौराहा पर इंटीग्रेटेड इमरजेंसी हेल्पडेस्क भी स्थापित किये जाएंगे। इनमें चिकित्सा, पुलिस, ट्रैफिक, फायर ब्रिगेड, संचार कर्मी और खोया पाया के लिए सहायताकर्मी भी होंगे।

**एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड और इंटेलिजेंस की टीमें भी रहेंगी तैनात:** इसके अलावा देव दीपावली पर काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए भी अलग से सुरक्षा रणनीति बनाई गई है। देव दीपावली पर काशी की अभेद्य सुरक्षा के लिए एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड की टीमों की भी तैनाती होगी। सादे वेश में इंटेलिजेंस के जवान भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा दशाश्वमेध घाट और राजघाट पर एनडीआरएफ और नगर निगम की ज्वाइंट टीमें जल एंबुलेंस के साथ मौजूद रहेंगी। साथ ही साथ जल पुलिस की पांच टीमें भी लगातार गंगा नदी में पेट्रोलिंग करती रहेंगी। इनमें ड्रैगन लाइट, लाउड हेलर, बचाव उपकरण और वायरलेस सेट की उपलब्धता रहेगी।




## बिहार विधानसभा का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र शुरू, दिवंगत सदस्यों को दी गई श्रद्धांजलि

# 26086 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया। सत्र की शुरूआत के मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने पक्ष-विपक्ष के सदस्यों से सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि इस छोटे से सत्र का जनसमस्याओं के निदान के लिए बेहतर उपयोग किया जा सकता है। विधानसभा अध्यक्ष ने शीतकालीन सत्र के लिए पीठासीन पदाधिकारियों का मनोनयन और कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया। स्पीकर ने बताया कि सत्र की समाप्ति के बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। सत्र के पहले दिन विधान सचिव की ओर से पिछले सत्र से अब तक की अवधि में राज्यपाल से स्वीकृत विधेयकों की प्रति सभा पटल पर रखी। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया। विधानसभा में 26,086 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया गया। सत्र के पहले दिन दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। जिसके बाद सभा की कार्यवाही मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



इससे पहले शीतकालीन सत्र के पहले दिन सत्र में भाग लेने के लिए सीएम नीतीश कुमार विधानसभा पहुंचे। महागठबंधन के विधायकों ने उनका स्वागत किया। सीएम के साथ उनके कई मंत्रीमंडल के सहयोगी मंत्री भी मौजूद थे। पांच दिनों तक चलनेवाले इस सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण बिल पेश करेगी। इसके साथ ही सत्र के दौरान सरकार की ओर से जातीय गणना की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी जाएगी। संभावना है कि सरकार की ओर से आरक्षण का कोटा बढ़ाने से जुड़ा हुआ प्रस्ताव भी सदन के पटल पर रखा जाएगा। इसके साथ ही 9 नवंबर को वित्तीय वर्ष 2023-24 के सेकेंड सप्लीमेंट्री बजट पर चर्चा होगी। सदन के अंतिम दिन 10 नवंबर को गैर सरकारी सदस्योंके काम निपटाए जाएंगे। गैर सरकारी संकल्प इसी दिन पारित किए जाएंगे।मालूम हो कि, जातीय गणना की रिपोर्ट आने के बाद विधानमंडल का यह पहला सत्र है। 2 अक्टूबर को सरकार द्वारा जारी जाति आधारित गणना की प्रारंभिक रिपोर्ट में केवल वर्ग और धर्म विशेष के लोगों की संख्या का उल्लेख किया गया था, जबकि शेष आंकड़े विधानमंडल में पेश किये जाने की उम्मीद है। उधर, राज्य की मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी सरकार को घेरने की तैयारी में हैं।




### वाम दलों ने हमास के समर्थन में किया प्रदर्शन

बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले वाम दलों ने मुख्य द्वार पर हमास के समर्थन में प्रदर्शन किया। वाम दलों के सदस्य पोस्टर के साथ गाजा और फिलिस्तीन पर हमले बंद करने की मांग कर रहे थे। वाम दलों के नेता प्रदर्शन के लिए पूरी तैयारी के साथ विधानसभा पहुंचे थे। उनके हाथों में पोस्टर थे, जिस पर इजरायल के विरोध में नारे लिखे हुए थे। वाम दलों के नेताओं ने फिलिस्तीनियों का नरसंहार बंद करो, गाजा पर कब्जा किए जमीन को मुक्त करो जैसे नारे लिखे हुए थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में भाकपा-माले विधायक महबूब आलम ने कहा- हम परंपरागम रूप से फिलिस्तीन की जनता के साथ हैं। माले विधायक ने अटल बिहारी वाजपेयी की बात को याद दिलाते हुए कहा कि उन्होंने भी बयान दिया था कि फिलिस्तीन की जनता की कब्जा की गई जमीन को इजरायल को छोड़ना होगा। अगर इजरायल ऐसा नहीं करता है, तो उनके खिलाफ जंग छेड़ने का हक फिलिस्तीन की जनता को है।

# पटना में बालू कारोबारी लालू की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में बालू खनन शुरू होते ही माफियाओं का खूनी खेल भी शुरू हो गया है। पटना में अपराधियों ने बालू कारोबारी देवराज उर्फ. लालू की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने यह हत्या तब की जब बालू कारोबारी के साथ बॉडीगार्ड भी था। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये। पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि रविवार के देर रात्रि रानीतलाब थाना क्षेत्र के बेरर गांव निवासी देवराज अपने गाड़ी से जा रहे थे। कनपा पूल के पास गाड़ी रोककर जैसे ही उतरे वैसे पूर्व से घात लगाएं अपराधियों ने बालू कारोबारी देवराज उर्फ.लालू पर गोलीबारी कर दिया। उनका बॉडीगार्ड जबतक कुछ समझ पाता की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी काले रंग के स्कॉर्पियो से फरार हो गये। आननफानन में देवराज को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है

### दो माह पहले देवराज ने खरीदा था हथियार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना में चार अपराधियों की बात सामने आ रही है। सभी अपराधियों के हाथ में छोटे हथियार थे और पलक झपकते ही घटना को अंजाम दे फरार हो गये। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ़्तार कर लिया जायेगा। बताया जा रहा है कि तीन - चार साल पहले देवराज बालू के कारोबार में जुड़े थे। पहले दो हाइवा लिये और बालू कारोबार से जुट गये। देखते ही देखते अपना सिंडिकेट खड़ा कर लिया और करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर लिया था। इसको लेकर कई गुटों से रंजिश चल रही थी। बताया जा रहा है कि हाल ही में गांव में मारपीट हुआ था। इसमें देवराज जख़्मी हुए थे। ज़िला प्रशासन ने खतरा के मद्देनजर बालू कारोबारी देवराज उर्फ. लालू को पिस्टल एवं राइफल का लाइसेंस दिया था। दो माह पहले देवराज ने हथियार खरीदा था।

# ब्राह्मणों को पूजा कराने की ठेकेदारी मिली है क्या: फतेह

**केटी न्यूज/पटना**

दुर्गा सप्तशती और रामायण के सभी पात्र काल्पनिक हैं। 1976 में सुप्रीम कोर्ट ने जो आर्डर दिया था उसे निकाल कर देख लीजिए। यह बातें तेजस्वी यादव के विधायक फतेह बहादुर ने कही है। इसके साथ ही इन्होंने लालू को सबसे बड़ा देवता बताया है और यह तक कह डाला है कि इन्होंने ही मुंह के आवाज तक दिया है। बिहार विधानसभा में सोमवार से शुरू हुए शीतकालीन सत्र में भाग लेने विधानसभा पहुंचे राजद के विधायक ने कहा कि -लालू यादव ने बिहार के गरीब दलित और पिछड़ों के मुंह में आवाज दिया। यही देवता है



इनसे बड़ा देवता कोई नहीं है। शुरू से ही कहता रहा हूं कि मेरे भगवान लाल यादव ही रहे।

फतेह ने कहा कि देवता और जनता के बीच में जो बिचोलिया हैं वही लोग नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। मैं कहां किसी को पूजा करने से मना कर रहा हूं। मैं तो यह कह रहा हूं कि बिचौलिया के वजह से लोगों को अधिक खर्च हो रहा है पूजा -पाठ करने में तो इसमें गलत क्या है। इसके अलावा उन्होंने सबसे बड़ी बात यह कही है ब्राह्मण को ठेकेदारी मिली है क्या पूजा पाठ करवाने की।

### धर्म पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए

राजद नेता के इस बयान का सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने जमकर विरोध किया है। एक अन्य राजद विधायक ऋषि कुमार ने कहा कि धर्म भारतीय जनमानस में राजनीति से बहुत ऊपर है। किसी भी व्यक्ति को धर्म पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे। वहीं जदयू विधायक रिंकू सिंह ने कहा कि फतेह बहादुर जैसे नेताओं के बयानों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं। ऐसे लोग अनाप-शनाप बोलते ही रहते हैं। वहीं, भाजपा विधायक नीरज बबलू ने कहा कि इन लोगों का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। इन लोगों को अपनी जमीन खिसकती नजर आ रही है। इन्हें पता चल चुका है कि न हिंदू इनके साथ हैं और न ही मुसलमान। इसलिए मानसिक दिवालियेपन में कुछ भी बोल दे रहे हैं।

# दो मौसरी बहनों को एक-दूसरे से हुआ प्यार, मांगी मदद

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी से बडी खबर सामने आया है जहां घंटो दो युवतियों ने हाई वोल्टेज ड्रामा थाने में किया है। मामला पटना के महिला गर्दनीबाग महिला थाना का है। दरअसल बिहार के सीवान जिले की रहने वाली दो बालिग युवतियां 6 दिनों से पटना में घर से भाग कर आई थी। वही अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर दोनों पटना के महिला थाने के दिन पहुंची थी। मिली जानकारी के मुताबिक सीवान की रहने वाली दोनो बालिग युवतियां आपस में मौसेरी बहन है जिन्होंने एक साथ जीवन जीने का फैसला कर घर से बीते दिनों माता पिता के मर्जी के खिलाफ घर से निकल भागी और पटना पहुंची रविवार को पटना के महिला थाने पहुंच पुलिस से अपने सुरक्षा की गुहार लगाई है ।

इस समलैंगिक जोड़े ने पटना पुलिस को न्यायालय के आदेश का हवाला दिया है और कहां है कि समलैंगिक संबंधों के साथ रहना कोई अपराध नहीं है इस समलैंगिक जोड़ों ने पुलिस को इस बात की भी जानकारी दी है कि उन्हें अपने घर वालों से खतरा है इसलिए उनकी सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया जाए समलैंगिक जोड़े ने पुलिस को इस बात की भी जानकारी दी है कि अगर उनके साथ कोई अनहोनी होती है तो इसके लिए उनके परिजन जिम्मेवार होंगे। युवतियों की मानें तो दोनो के रिश्ते से नाराज परिजन इस रिश्ते से खफा हैं और उन्हें अलग करना चाहते हैं बहरहाल पुलिस और परिवार वालों की लाख कोशिश के बावजूद भी युवतियों ने अपना इरादा नहीं बदला और साथ वापसी जाने से इंकार कर दिया है। इस मामले की जानकारी देते हुए महिला थाना में पदस्थापित रामानुज ने बताया है कि दोनो युवतियां आपस में पारिवारिक रिश्ते में है जो एक साथ रहने की जिद पर घर से भाग महिला थाने में पहुंची है ।इस बात की जानकारी सिवान जिले में रहने वाले दोनो युवतियों के परिजनो को दी गई है। परिवार के सदस्य महिला थाना रविवार की रात पहुंचे थे।

सिवान से पटना आए युवतियों के परिजन वापस लौट गए। वहीं पुलिस ने युवतियां को उनकी मर्जी पर आगे को छोड़ दिया है। हालांकि कुछ दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक संबंधों को लेकर दिए गए अपने फैसले में यह कहा था कि ऐसे जोड़ो को समाज में रहने की व्यवस्था करने और सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन की है। स्क्रीन शॉट में दोनों लड़कियों ने बताया कि हम अपनी सुरक्षा को लेकर पुलिस से मदद मांगने पहुंचे थे। लेकिन, महिला थाने ने पैसे लेकर हमारी जान को और भी खतरे में डाल दिया। दोनों ने मीडिया से मदद मांगी है और कहा है कि वह महिला थाने से हमारे बारे में पूछे कि इसमें क्या कार्रवाई की गई।



## खबरें फटाफट

### पुलिस को चकमा दे कोर्ट परिसर से अभियुक्त फरार

**बक्सर।** सोमवार को कोर्ट में एक अभियुक्त पुलिस को चकमा दे भागने में सफल हो गया। इस घटना के बाद पुलिस टीम की मुश्किलें बढ़ गई है। अभियुक्त सुमित कुमार नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के चिलहरी गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार पूर्व के एक मामले में भी पुलिस को उसकी तलाश थी। इधर रविवार की शाम वह एनएच 922 पर स्थित दलसागर के पास स्थित टोल प्लाजा पर हंगामा मचा रहा था। जिसकी सूचना पर स्थानीय पुलिस उसे गई। इस दौरान वह पुलिस से उलझ गया तथा हाथापाई करने लगा। लेकिन पुलिस उसे किसी तरह पकड़ थाना लाई और कोर्ट में प्रस्तुत किया। शराब पीने के मामले में उसे बेल मिल गई। लेकिन दूसरे मामले में पुलिस उसे कोर्ट में प्रस्तुत करने वाली थी। लेकिन उसे कोर्ट में प्रस्तुत करने वाली पुलिस ने हथकड़ी खोल दिया था। जिसका फायदा उठा भागने में सफल रहा। सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बच्चे से अप्राकृतिक यौनाचार, केस दर्ज

**सिमरी।** रविवार की शाम तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक दस वर्षीय बच्चे के साथ गांव के ही एक वहशी ने अप्राकृतिक यौनाचार किया है। घटना के बाद उसके दादा ने ओपी थाना में शिकायत दर्ज करवाया। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम उक्त किशोर घर से बाहर खेलने गया था। इसी दौरान आरोपी ने उसे पकड़ सुनसान जगह पर ले जाकर अप्राकृतिक यौनाचार कर दिया। इधर जब किशोर देर तक घर नहीं आया तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। इसी दौरान उक्त किशोर रोते हुए अपने घर आया तथा आपबीती बताया। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाना पहुंचे। घटना के बाद से आरोपी फरार है।

# डुमरांव के 18 तालाबों पर होगी छठ पूजा, ईओ और चेयरमैन ने लिया घाटों का जायजा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा आगामी 17 नवंबर को नहाय-खाय से प्रारंभ होगा। डुमरांव के 18 तालाबों पर छठ पूजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार, चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने सभी तालाबों व पोखरों का निरीक्षण कर समय से पूर्व साफ-सफाई करने का निर्देश दिया है। चार दिवसीय सूर्योपासना पर्व को ले प्रसिद्ध छठिया पोखरा तालाब सहित 18 तालाबों की साफ-सफाई को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। पर्व पर सभी तालाब समय से पहले ही कायाकल्प होंगे। नप सूत्रों ने बताया कि दीपावली और छठ महापर्व पर शहर के साफ-सफाई के साथ ही घाटों को चिन्हित कर बेहतरीन तरीके से सफाई का कार्य शुरू होगा। गंदे पानी की सफाई के लिए चुना आदि का उपयोग होगा। सफाई के लिए नप ने टीमों का गठन किया है, जिसे सख्त निर्देश दिया गया है कि पर्व से पहले तालाबों व घाटों की सफाई का काम पूरा कर लिया जाये। दीपावली और छठ के दौरान शहर के सभी मुख्य मार्ग की सफाई दो शिफ्टों में करायी जायेगी जबकि पहले सूर्य अर्घ्य के बाद घाटों की सफाई रात्रि पहर कराने की योजना तैयार किया गया है। छठ पर्व शहर के 9 और विस्तारित क्षेत्र के 9 यानी कुल 18 तालाबों के घाटों पर संपन्न होगा।

नप प्रशासन छठिया पोखरा, रामसूरत राय का पोखरा, जंगलीनाथ पोखरा, खिरौली पोखरा, नया तालाब, प्रखंड कार्यालय पोखरा और ट्रेनिंग स्कूल पोखरा, शिव मंदिर कड़वी, काली मंदिर कड़वी के अलावे विस्तारित क्षेत्र नया भोजपुर के बुलंदी घाट, झरना घाट, बिन टोली, पूरब टोला, पुराना भोजपुर के कांव नदी, नावाडेरा पोखरा, शिव मंदिर महरौरा, काली मंदिर बनकट और शिव मंदिर डीएसपी आवास की साफ-सफाई करने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। वहीं छठिया पोखरा पर श्रद्धालुओं की अत्याधिक भीड़ उमड़ती है, जहां समय से पूर्व साफ-सफाई अभियान शुरू किया जायेगा। इन घाटों पर मिट्टी भराई के साथ ही बैरिकेडिंग की सुविधा दी जायेगी। जानकार सूत्रों ने बताया कि पिछली बार भी शहरी तालाबों की साफ-सफाई समय से पूर्व पूरी कर ली गयी थी। छठ महापर्व में तालाबों के घाट चकाचक बने थे और बैरिकेडिंग के साथ श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसकी पूरी तैयारी की गयी थी। छठ व्रतियों ने नप के स्वच्छता संदेश को लेकर सराहा था।

दीपावली और छठ महापर्व के दौरान शहर में रौशनी और सफाई की समुचित व्यवस्था देने की कार्ययोजना बनी है। छठिया पोखरा तालाब पर दूर-दराज से भी छठ व्रती पहुंचते है और वहां भीड़ उमड़ती है, जिसकी सुरक्षा को लेकर चारों तरफ बैरिकेडिंग की जायेगी। शहर के सभी तालाबों की सफाई के साथ स्वच्छता का संदेश दिया जायेगा।

**अनिरुद्ध कुमार, इओ नप डुमरांव**

## रविवार की देर शाम नया भोजपुर ओपी क्षेत्र में डिवाइडर से टकरा गई थी बाइक

# सड़क दुर्घटना में जख्मी तीसरे व्यक्ति की पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत, मातम

**केटी न्यूज/डुमरांव**



रविवार की देर शाम नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्सर पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांव नदी के पुल के पास एक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई थी। जिससे बाइक सवार तीन लोग सड़क से उछल नदी में जा गिरे थे। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी। जबकि तीसरे जख्मी महरौरा के 45 वर्षीय संजय राम ने भी देर रात करीब 2.30 बजे पटना के पीएमसीएच में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद पीड़ित परिजनों में कोहराम मच गया। वही दो गांवों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। बता दें कि रविवार की शाम मौके पर संजय राम के 18 वर्षीय पुत्र धनराज राम व उनके बहनोई बगेन थाना क्षेत्र के कैथी गांव निवासी जगतानंद राम की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से जख्मी संजय को प्राथमिक इलाज के बाद रात में ही पीएमसीएच पटना ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत भी हो गई। सोमवार को पोस्टामार्टम के बाद पिता पुत्र का शव महरौरा गांव आते ही परिजनों की चीख पुकार से माहौल गमगीन हो गया। भरे मन से एक ही चिता पर बाप बेटे का अंतिम संस्कार किया गया।

**घटना के बाद से बदहवास हो गई थी संजय की बेटी:** इस पूरे घटनाक्रम में सबसे गमजदा मृतक संजय राम की बेटी पूजा थी। अभी पिछले साल ही संजय ने बड़े अरमान के साथ बिटिया के हाथ पीले किए थे। लेकिन ससुराल वालों ने उसके साथ विवाद कर दिया तथा उसे घर से भगा दिया था। वह महरौरा में ही रह रही थी। उसके पिता, फूफा तथा भाई उसके ससुराल शाहपुर थाना क्षेत्र के नवरंगा गए थे। वहां से लौटने के दौरान हादसें का शिकार हो गए। वही इस घटना के बाद से संजय की पत्नी फूल कुमारी देवी, अन्य चारों पुत्रों, मनू, धर्मवीर, श्यामबाबू तथा रामबाबू का रो रोकर बुरा हाल था।



**काश! गोरख की बात मान लिया होता धनराज:** बताया जाता है कि दो बाइक पर सवार कुल छह लोग नौरंगा गए थे। इसमें एक बाइक धनराज चला रहा था। उसकी बाइक की स्पीड बहुत अधिक थी। दूसरे बाइक पर सवार कुल्हवा के गोरख राम ने रानीसागर तथा ब्रह्मपुर के आगे एक जगह और उसे धीरे गाड़ी चलाने को कहे थे। लेकिन उसने अपने रिश्तेदार की बात पर ध्यान नहीं दिया। जिसका नतीजा तीन मौतों के रूप में सामने आया है।

### 24 घंटे बाद दवनपुरा छलका के पास उतराया मिला कांव नदी में डूबे किशोर का शव

**नावानगर।** स्थानीय गांव स्थित कांव नदी में डूबे नावानगर के किशोर शहजाद अंसारी का शव 24 घंटे बाद दवनपुरा से बरामद कर लिया गया है। किशोर का शव उक्त गांव के छलका में उतराया था। जिसे दवनपुरा के ग्रामीणों ने बाहर निकाल परिजनों व नावानगर पुलिस को सूचना दिया। जिसके बाद मृतक के पड़ोसी जदयू नेता मो. सेराज ने पहुंच अपने वाहन से शव को थाना लेकर पहुंचे। जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया। इधर किशोर का शव मिलते ही मृतक के घर कोहराम मच गया है। मृतक की मां रोते-रोते बेहोश हो जा रही थी। बता दें कि रविवार को मृतक अपनी मां के साथ घास काटने कांव नदी की ओर गया था। मां घास काटने में व्यस्त हो गई। तभी किशोर नदी के किनारे पहुंच गया। इधर घास काटने के बाद मृतक किशोर की मां उसे खोजने लगी। जब वह कहीं नजर नहीं आया तो इसकी जानकारी परिजनों एवं पुलिस को दी। परिजन एवं आस पास लोग नदी किनारे पहुंच उसकी खोजबीन करने लगे। यहां तक कि सीओ अजीत कुमार ने गोताखोर के साथ पहुंच रविवार की देर शाम तक किशोर के शव की खोजबीन नदी में करवाया। लेकिन घंटों खोजबीन में भी शव बरामद नहीं हो सका था।

## एक नजर

### मतदाता जागरूकता अभियान का हिस्सा बनेगी छात्राएं, वोटरों को करेगी जागरूक



**डुमरांव।** आगामी चुनावों में महिला वोटरों की संख्या पुरुष वोटरों के अनुपात में बराबर रहे इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने कई तरह के दिशा-निर्देश जारी किया है। सोमवार को सुमित्रा महिला कॉलेज के सभागार में अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम कुमार पंकज ने कॉलेज के छात्राओं को इस मुहिम से जोड़कर नये वोटरों को जागरूक करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2024 तक जो भी छात्राएं 18 वर्ष की उम्र की होती है तो वह मतदाता सूची में ऑनलाइन या ऑफलाइन के माध्यम से अपना नाम दर्ज कराकर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभा सकती है। शहर के वैसे मतदान केंद्र जहां लिंगानुपात में अंतर है वहां विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया जायेगा। छात्राएं इस अभियान को डोर-टू-डोर जाकर आयोग के निदेर्शों के तहत नये वोटर और अपने मोहल्ले में 18 वर्ष की उम्र के दहलीज पर पांव रखने वाली सहेलियों को भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए जागरूक करेगी। इसके लिए कॉलेज प्रशासन चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करेगी और निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार हर बूथों पर बीएलओ द्वारा फॉर्म छह के माध्यम से नया नाम जोड़ा जायेगा और फॉर्म सात के द्वारा नाम हटाया जा सकता है तथा फॉर्म आठ के माध्यम से मतदाता सूची में त्रुटि सुधार किया जा सकता है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ शोभा सिंह ने किया। गोष्ठी में डॉ सुभाष चंद्रशेखर ने कहा कि मतदान एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग कर एक अच्छे नेता का चयन करते है। कॉलेज प्रशासन कला प्रतियोगिता में सहभागिता निभाने वाली छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित करेगा। इस दौरान प्रोफेसर श्रीकांत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन कर आभार प्रकट किया। मौके पर प्रो सुरेशचंद्र त्रिपाठी, प्रो मिथिलेश सिंह, डॉ मनोज कुमार, डॉ दिनेश सिंह, प्रो शैलेंद्र कुमार, डॉ किरण सिंह, शाहिद नसीम, चीकू सिंह के अलावे अन्य उपस्थित थे।

### युवा समाजसेवी ने महारानी उषारानी विद्यालय की छात्राओं को पानी बचाने के लिए किया जागरूक



**डुमरांव।** सोमवार को डुमरांव के युवा समाजसेवी तथा जलपुत्र के नाम से मशहूर अजय राय ने राजगढ़ परिसर स्थित महारानी उषारानी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में एक शिविर आयोजित कर छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं को उनके दैनिक जीवन मे जल की महत्व को बताते हुए जल की बर्बादी न करने की अपील की। अजाय ने छात्राओं को जल की बबार्दी रोकने के लिए कुछ उपाय भी बताए। अंत में छात्राओं तथा शिक्षकों को जल संचय का संकल्प भी दिलवाया। अजय ने देश के विभिन्न हिस्सों में जारी जल संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि हम आज नहीं चेते तो आने वाले दिन में हमारे क्षेत्र में भी जलसंकट का सामना करना पड़ेगा। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यपक मोहम्मद सरीफ अंसारी, शिक्षक सोनू वर्मा, ददन प्रसाद, उपेंद्र दुबे, दीपक समेत स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिका मौजूद थे।

### मृतक के परिजनों को मिला परिवारिक योजना का लाभ, बीडीओ ने दिया चेक



**सिमरी।** 30 अक्टूबर को रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र के लालसिंह के डेरा गांव में खेत की जुताई के दौरान एक ट्रैक्टर पलट गई थी। इस दुर्घटना में स्थानीय गांव के सुमित यादव 7 वर्ष व आनंद यादव 18 वर्ष की ट्रैक्टर में दबने से मौत हो गई थी। घटना के एक सप्ताह बाद ने प्रखंड प्रशासन ने पीड़ित परिजनों को राहत का मरहम लगाया है। सोमवार को सिमरी बीडीओ शशिकांत शर्मा व प्रमुख प्रतिनिधि ने दोनों के आश्रितों को परिवारिक अनुदान के योजना का चेक प्रदान किया। इस दौरान चेक ले रहे परिजन की आंखे भर आई।

### ब्रह्मपुर नगर पंचायत के मजदूर हड़ताल पर गए

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर नगर पंचायत के सफाईकर्मियों ने सोमवार को हड़ताल शुरू कर दिया है। यह हड़ताल पिछले 4 महीने की मजदूरी नहीं मिलने के कारण किया गया है। जिसके कारण नगर पंचायत का सोमवार को कचरे का उठाव नहीं हो सका है। सफाईकर्मियों के हड़ताल से घरों एवं सडक पर कचरा पसरा रहा। इधर 4 माह से मजदूरी का भुगतान नहीं होने से मजदूरों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। मजदूरों ने कहा कि जब तक मजदूरी का भुगतान नहीं होता तब तक सफाई का काम ठप रहेगा। सफाई नहीं होने से नगर में यत्र-तत्र कचरा फैल गया है।

## बैंक परिसर से दो हजार रु चुराने के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर के स्टेट बैंक परिसर से एक व्यक्ति का दो हजार रुपए चुराने के आरोप में दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों मध्य प्रदेश की रहने वाली है। उनकी पहचान मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिला के नावड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत जाट खैरी गांव की सोनिका पति निरूतम सिसोदिया व इसी थाना क्षेत्र के करिया गांव की पूजा पति नौजाद सिसोदिया के रूप में हुई है। खुद बैंककर्मियों ने ही उनकी शिनाख्त कर उन्हें पुलिस को सौंपा है।

मिली जानकारी के अनुसार कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के चौकियां गांव निवासी अंजोर राम के पुत्र सुजीत राम सोमवार को दोपहर बाद स्टेट बैंक में रूपया निकालने आए थे। रूपया निकालने के बाद वे बैग में रूपया रख बैंक से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान दोनों महिलाएं बड़ी कुशलता से उनका बैग में ब्लेड मार उसमें से दो हजार रूपए चुरा भाग खड़ी हुई। थोड़ी देर बाद जब सुजीत को इसकी भनक लगी तो वह बैंक में काफी खोजबीन किया तथा बैंककर्मियों को इसकी जानकारी दिया। लेकिन महिलाएं फरार हो गई थी। लेकिन उनका संयोग खराब था तथा नये शिकार की तलाश में थोड़ी देर बाद दोनों फिर से बैंक में चली गई। इस दौरान बैंककर्मियों की नजर से बच नहीं सकी। बैंककर्मियों ने दोनों को गार्ड के माध्यम से पकड़वा पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

इधर थाना पहुंचे सुजीत ने दोनों को देखते ही पहचान लिया। डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एफआईआर दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही महिलाओं द्वारा पैसे चुराने की चर्चा शहर में देर शाम तक होते रही।

## भीम आर्मी ने जुलूस निकाल एसपी कार्यालय का किया घेराव

**केटी न्यूज/बक्सर**



सोमवार को जिला मुख्लालय में भीम आर्मी के जवानों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए एसपी कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान भीम आर्मी ने अपना दस सूत्री मांग पत्र भी सौंपा। जिसमें डुमरांव थानाध्यक्ष पर मानहानि का मुकदमा करने तथा डीआईयू प्रभारी युसुफ अंसारी को बर्खास्त करने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष बबलू आजाद के नेतृत्व में सैकड़ो सदस्यों ने कलेक्ट्रेट रोड स्थित कार्यालय से एक विशाल जुलुस निकाल एसपी कार्यालय पहुंच घेराव किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय गेट पर एएसडीएम दीपक कुमार व एसडीपीओ धीरज कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थी।

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिला में एससी एसटी पर आए दिन अत्याचार हो रहा है। लेकिन जिले के किसी भी थाने में शिकायत दर्ज करने पर उनकी सुनवाई तक नहीं होती है। उल्टे कमजोर वर्ग के लोगों को ही झूठे मुकदमे में फंसा दिया जाता है। उन्होंने कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के कठार, अर्जुनपुर गांव, सिमरी थाना क्षेत्र के मझवारी में तथा अन्य अनुसूचित जाति जनजाति के परिवारों का उदाहरण देते हुए बताया कि जिलेभर में एससी/एसटी पर अत्याचार हो रहा है और पुलिस मुकदर्शक बनी हुई है। दलितों की हत्या व बहु बेटियों के साथ बलात्कार किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक जिले के सभी थाना अध्यक्षों को जानकारी में होने के बाद भी अपराधियों पर कार्रवाई नहीं करते हैं। वही इस विरोध प्रदर्शन के पश्चात डीएसपी धीरज कुमार की अगुआई में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष समेत पांच सदस्यीय टीम ने एसपी मनीष कुमार से मिलकर आवेदन पत्र के माध्यम से दस सूत्री मांगो का ज्ञापन सौंपा।

**उपाध्यक्ष ने लगाया डीआईयू प्रभारी पर गंभीर आरोप:** वहीं जिला उपाध्यक्ष सुरेश आजाद ने कहा कि 27 नवंबर को लगभग 1 बजे रात्रि को बक्सर डीआईयू प्रभारी युसूफ अंसारी ने भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष बबलू आजाद को उनके घर में बंद कर बहुत मारा था। पुलिस की पिटाई से उनके दाहिने हाथ की उंगली टूट गई थी। इस दौरान टेबल पर रखें बाबा साहब के फोटो को भी फाड़कर नीचे फेंक दिया गया था। ऐसे में मानहानि का केस दर्ज कर बर्खास्त किया जाए। डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कर तत्काल बर्खास्त किया जाए। प्रदर्शन के दौरान भीम आर्मी प्रदेश के नेता अनिल प्रधान के अलावा सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## मिशन इंद्रधनुष 5.0 में पोलियो की खुराक लेने वाले बच्चों को भी दी जाएगी पल्स पोलियो की खुराक

# एडिशनल डोज है पल्स पोलियो की खुराक, नियमित टीकाकरण से लेना देना नहीं

**केटी न्यूज/बक्सर**




जिले में 10 से 20 नवंबर तक 10 दिवसीय पल्स पोलियों अभियान की शुरूआत की जाएगी। जिसको लेकर जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस बीच पर्व त्योहारों को देखते हुए विभाग ने अभियान की अवधि बढ़ाई है। इस क्रम में जिला स्वास्थ्य समिति ने सभी जिलों से दो दिनों के अंदर अभियान के लिए माइक्रो प्लान बनाकर समर्पित करने का निर्देश दिया है। ताकि, पल्स पोलियो अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न उत्पन्न हो सके। हालांकि, जिले में मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तहत दो चक्र पूरे कर लिए गए हैं। जिसका तीसरा चक्र 27 नवंबर से दो दिसंबर तक चलेगा। ऐसे में पोलियो की खुराक को लेकर अभी भी कई ऐसे अभिभावक उहापोह की स्थिति में हैं। उनका मानना होता है कि मिशन इंद्रधनुष 5.0 के दौरान उनके बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाती है। उसके बाद पल्स पोलियो अभियान के दौरान खुराक लेना अनिवार्य है या नहीं। ऐसे में विभाग ने उन लोगों को फ्रंटलाइन वर्कर्स को जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी हैं। इस संबंध में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया कि पल्स पोलियो की खुराक शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए एक एडिशनल डोज है। इसका मिशन इंद्रधनुष से कोई लेना देना नहीं है। यदि मिशन इंद्रधनुष में एक दिन पहले भी पोलियो की खुराक दी गई हो तो बच्चे को अगले दिन पल्स पोलियो अभियान के दौरान वो खुराक देना अनिवार्य है। जिससे बच्चे के पोलियो की चपेट में आने की संभावना पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

**पोलियो है संक्रामक बीमारी:** डॉ. सिंह ने बताया, पोलियो बहुत ही संक्रामक बीमारी है। यह संक्रमित व्यक्ति के मल के संपर्क में आने से या फिर उनके छींकने या खांसने से हवा में फैली संक्रमित बूंदों को सांस के जरिये अंदर लेने से फैलता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह वायरस संक्रमित व्यक्ति की आंतों, श्लेम (म्यूकस) और लार में पाया जाता है। पोलियो की बीमारी एक वायरस की वजह से होती है। संक्रमित भोजन, पानी, या हवा में मौजूद संक्रमित बूंदों को मुंह के जरिये अंदर लेने से यह बीमारी फैलती है। पोलियो का वायरस आपके शरीर में प्रवेश करने के बाद तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) को प्रभावित कर सकता है। कुछ लोगों को इसमें केवल फ्लू के हल्के लक्षण ही महसूस होते हैं, मगर पोलियो की वजह से लकवा हो सकता है और ज्यादा गंभीर हो तो यह जानलेवा भी हो सकता है। बच्चों को, खासकर कि पांच साल से कम उम्र वालों को यह बीमारी होने का सबसे ज्यादा खतरा होता है। पोलियो का कोई इलाज नहीं है, मगर पोलियो का टीका बच्चे का इस बीमारी से बचाव कर सकता है।

**लाइलाज है पोलियो की बीमारी:** डॉ. सिंह ने बताया, विस्तृत रूप से चलाए गए पोलियो टीकाकरण अभियान की बदौलत भारत को एक पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित किया जा चुका है। पोलियो मुक्त देश बनाए रखने के लिए हमें सभी बच्चों को पोलियो का टीका लगवाना जारी रखना होगा। जिन बच्चों को पोलियो का टीका नहीं लगता, उन्हें यह बीमारी होने का खतरा अभी भी है क्योंकि यह संक्रमण हमारे आसपास से पूरी तरह मिटा नहीं है और अब भी आसानी से फैल सकता है।

# आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहा बदमाश हथियार फेंक भागा

- घटनास्थल से एक देसी कट्टा, एक गोली और एक बाइक बरामद

**केटी न्यूज/ आरा**

भोजपुर की सहार थाने की पुलिस की सक्रियता से अपराध की बड़ी वारदात टल गयी। पुलिस द्वारा घटनास्थल से एक देसी कट्टा, एक गोली और एक बाइक बरामद की गयी है। हालांकि बदमाश पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका। उसकी तलाश की जा रही है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे सूचना मिली कि सहार थाना क्षेत्र के बरूहीं गांव स्थित पासी टोला में एक व्यक्ति किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए हथियार लेकर घूम रहा है। उस आधार पर अपराधी की गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। उसके बाद टीम में शामिल थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मियों के साथ तत्काल छापेमारी की गयी। हालांकि पुलिस को देख अपराधी हथियार फेंक भाग निकला। पुलिस द्वारा उसका पीछा किया गया, लेकिन अंधेरे का लाभ उठाकर वह निकला। उसके बाद तलाशी के दौरान पुलिस द्वारा घटनास्थल से एक देसी कट्टा, एक गोली और एक बाइक बरामद की गयी। एसपी ने बताया कि जब्त बाइक की जांच की जा रही है। अपराधी की पहचान कर ली गयी है।



## औरंगाबाद में धराया साइकिल चोर, तालाशी में देसी कट्टा और सोने की जेवर बरामद

**औरंगाबाद।** अपने रिश्तेदार के घर आया एक युवक कोचिंग से साइकिल चोरी कर भागने लगा, जिसे लोगों ने मौके पर धर दबोचा और धुनाई कर दी। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा एवं सोने के जेवर बरामद किए गए हैं। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के मनिका पंचायत के परसावां गांव का है। पकड़ा गया आरोपी ओबरा थाना क्षेत्र के भरूब के समीप घोड़तारा गांव निवासी पंकज कुमार सिंह है। रविवार की देर शाम एक कोचिंग के बाहर खड़े साइकिल को आरोपित लेकर अचानक भागने लगा जिसे लोगों ने धर दबोचा। इस दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा एवं जेवर बरामद किया गया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस को आरोपित को सुपुर्द कर दिया गया। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि उसके पास से एक देसी कट्टा, एक कारतूस, दो चेन, एक कंगन, एक ढोलना एवं कान की बाली बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि वह यहां अपने रिश्तेदार के घर आया था और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दिया।

## पानी में डूबने से किशोर की मौत

**औरंगाबाद।** आहर में डूबने से एक 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई. मामला सिमरा थाना क्षेत्र के बोदी बिगहा गांव की है। जहां सोमवार की दोपहर डूबने से यह हादसा हो गई। मृतक की पहचान राजकुमार मेहता के पुत्र दिलीप कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि मृतक के पिता राजकुमार मेहता गांव में ही खेती-बाड़ी करते हैं। खेत के बगल में ही एक आहर है। जहां किशोर खेत देखने गया हुआ था। इसी क्रम में उसका पैर फिसल गया और वह अनियंत्रित होकर आहर में गिर गया और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। परिजनों को घटना की जानकारी आस-पास जानवर चरा रहे लोगों ने दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने किशोर को आहार से बाहर निकाला। इस दौरान परिजन किशोर को जिंदा समझकर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई तथा शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचे रफीगंज के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पिंटू मेहता ने कहा कि काफी दुखद घटना है।

### भोजपुर जिला के धोबहां गांव का मामला, पुलिस ने बरामद किए दो आंखें

# मंदिर से मां काली की मूर्तियों की सोने की चार आंखें ले भागे चोर, दो गिरफ्तार

- आंखों की बरामदगी व चोरों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कर रही छापेमारी

**केटी न्यूज/ आरा**

मुफस्सिल के धोबहां ओपी क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर मंदिर को निशाना बना डाला। इस बार चोर धोबहां गांव स्थित मां काली मंदिर से मूर्तियों के सोने की चार आंखें ले भागे। घटना शनिवार की दोपहर बाद तीन से चार बजे के बीच की बताई जा रही है। इस मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से चोरी गयी मां काली की दो आंख भी बरामद कर ली गयी है। गिरफ्तार चोरों में धोबहां गांव निवासी स्व. हरि शंकर साह का पुत्र चुनचुन साह और देवचंद्र राम का पुत्र संत कुमार हैं। एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि धोबहां गांव के पश्चिम में मां काली की मंदिर है।



उसमें मां काली की आठ मूर्तियां प्रतिष्ठापित हैं। शनिवार दोपहर बाद तीन से चार बजे के बीच कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर से मां काली की मूर्तियों से सोने की चार आंखें चोरी कर ली गयी। शाम में गांव के ही रहने वाले पुजारी बजरंग बली यादव पूजा-पाठ और आरती करने गये, तो देखा कि चार मूर्तियों की सोने की चार आंखे निकाल ली गयी है। तब उनके द्वारा तत्काल स्थानीय थाने को सूचना दी गई। उसके बाद चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गयी आंखों की बरामदगी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। जांच में जुटी टीम को आसपास के लोगों से पूछताछ और लोकल इनपुट के जरिए पता चला कि कुछ नशेड़ी किस्म के लोग शनिवार की शाम मंदिर के पास जमा थे। उस आधार पर चार चोरों की पहचान की गयी और ओपी इंचार्ज सुशांत कुमार के नेतृत्व में टीम द्वारा चुनचुन साह और संत कुमार को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर चोरी गयी सोने की दो आंख भी बरामद कर ली गयी। एसपी ने बताया कि दो आंखों की बरामदगी और दो चोरों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार दोनों चोरों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। बता दें कि इसी साल मई माह में धोबहां ओपी क्षेत्र के छोटकी धरमपुरा गांव स्थित मठिया से राम, लक्ष्मण और जानकी की अष्टधातु की मूर्ति चोरी कर ली गई।

## घर का ताला तोड़ बर्तन की चोरी, पांच गिरफ्तार

आरा। धोबहां ओपी क्षेत्र के बेहरा गांव में चोरों ने तीन माह से बंद एक घर पर हाथ साफ कर लिया। ताला तोड़ चोर घर से हजारों रुपए के बर्तन चुरा ले गए। घटना कुछ रोज पहले की है। रविवार की सुबह गृहस्वामी के घर आने के बाद चोरी की भनक मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच चोरों को गिरफ्तार किया गया। उनमें बेहरा गांव निवासी विकास कुमार, आनंद कुमार राम उर्फ ओम नारायण राम, अर्जुन प्रसाद, अगरसंडा गांव निवासी अमरेंद्र कुमार उर्फ नागा और पुनपुन पासवान शामिल हैं। उनका निशानदेही पर बेलवनिया बाजार स्थित दुकान से चोरी गये सारे बर्तन भी बरामद कर लिए गए। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेहरा गांव निवासी संदीप कुमार 28 अगस्त को घर बंद कर प्राइवेट नौकरी करने पूरे परिवार के साथ पटना चले गये थे। शनिवार की सुबह वह गांव लौटे, तो घर का ताला टूटा था। घर के बक्सों और संदूक में रखे सारे सामान बिखरे हैं। घर के पीतल और स्टील के बर्तन भी गायब थे।

## एक नजर

### पंडौल गांव में जानलेवा हमला के बाद पति पत्नी की हालत गंभीर, इलाज जारी

**जहानाबाद।** जहानाबाद के पंडौल गांव में गांव के ही स्वजातीय लोगों द्वारा एक पति पत्नी पर घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया गया। जिससे पति पत्नी की हालत गंभीर है। घटना के संबंध में पीड़ित परिवार ने बताया की बकरी के बच्चा को मरने का आरोप लगाकर हमारे स्वजातीय लोगों के लगभग 25 की संख्या में एक ही परिवार से जुड़े लोगों ने हम पति पत्नी पर धारदार हथियार एवम इंट पत्थर से हमला कर दिया जिसके बाद हम दोनों लहू लुहान हो गए। बाद में दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां की फिलहाल इलाज जारी है, घायल पति पत्नी रमेश दास एवं पूनम देवी हैं।

### कोर्ट परिसर का जिला जज ने किया निरीक्षण

**औरंगाबाद।** पटना उच्च न्यायालय के निरीक्षी न्यायाधीश राजीव राय के निर्देश पर आज जिला एवं सत्र न्यायाधीश संपूणानंद तिवारी, प्रधान न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम पंकज मिश्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रणव शंकर, मितू सिंह, धनंजय मिश्रा एवं अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम सौरभ सिंह के द्वारा पुरे व्यवहार न्यायालय परिसर में आज भ्रमण किया गया। जिला जज के द्वारा समस्त न्यायालय को यह निर्देश दिया गया कि आवश्यकता अनुसार यथा सम्भव वादकारियों को जल्द अगली तारीख दे दिया करें, ताकि वादकारियों को तकलीफ और कष्ट ज्यादा न हो। आज चुकी न्यायालय कार्य बाधित था अतः उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि आज सभी वाद में तत्काल तारीख उपलब्ध करा दें जागृत कर रही है।

### मंडल कारा में लगाया गया चंदन का वृक्ष

**औरंगाबाद।** मंडलकारा औरंगाबाद परिसर में ज़िला जज संपूणानंद तिवारी, डीएम श्रीकांत शास्त्री एवं एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने संयुक्त रूप से तीन चंदन के वृक्षों का रोपण किया गया। यह पौधा वन विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया गया। विदित हो कि पूर्व में भी वन विभाग के द्वारा मंडल कारा. औरंगाबाद में वृक्षों का रोपण करवाया गया है तथा कारा प्रशासन के स्तर से भी वृक्षों एवं पौधा का रोपण करवाया गया है। वरीय पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि आगे भी जल जीवन हरियाली अभियान के तहत कारा में वृक्षों का रोपण किया जाएगा।




# कालीन उद्योग को बढ़ावा देने पर सांसद सुशील सिंह ने दिया जोर



**केटी न्यूज/ औरंगाबाद**

कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कालीन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए ओबरा कारपेट हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में शहर के एक निजी होटल में कार्यशाला का अयोजन किया गया जिसमें कालीन उद्योग से जुड़े विपणन कौशल, उद्यमशीलता कौशल, पैकेजिंग, प्रचार, गुणवत्ता, उत्पाद मूल्य निर्धारण, जीआई अधिनियम, जीएसटी, मुद्रा ऋण आदि पर विस्तार से विभिन्न जगहों से पहुंचे उधमियों को जानकारी प्रदान की गई।

सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि कालीन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने उधमियों को विशेष सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, इसके पहले सहयोग एवं काम के अभाव में स्थानीय स्तर पर काम करने वाले बुनकरों को उत्तर प्रदेश के भदोही चले गए और किसी पर आश्रित हो, लेकिन इस एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से उनकी घर वापसी हुई हैं। कालिन उद्योग से जुड़े लोगों को अब भदोही नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें स्थानीय स्तर से रोजगार मिलेगा, यह बड़ी बात है। सांसद ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कहा कि गरीब को आर्थिक सहायता कैसे पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि उनके लिए देश में सबसे बड़ी जाति गरीबों की हैं। मोदी जी का लक्ष्य है कि उन्हें उनके गरीबी से बाहर निकाल कर, आर्थिक रुप से सक्षम बनाया जाए। इसको लेकर भारत सरकार ने कई योजनाएं चलाई है।

## घास लाने को निकली महिला को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**औरंगाबाद।** गोह थानाक्षेत्र के अंकुरी गांव में सोमवार की अपराह्न घर से घास लाने को लेकर घर से निकली महिला को एक बाइक की टक्कर से मौके पर मौत हो गई।हालांकि परिजनों ने जिंदा समझकर समुदायिक स्वाथ्य केंद्र गोह ले गए जहां के चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।मृतक महिला की पहचान अंकुरी गांव निवासी जय गोबिंद बिश्वकर्मा की पचास वर्षीय पत्नी चिंता देवी के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि चिंता देवी घर से खाना खाकर अपराह्न करीब 3 बजे घास लाने बधार में जा रही थी।घर से करीब सौ गज की दूरी पर ही पहुची की अज्ञात बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया।जहां महिला बेहोश होकर गिर पड़ी।स्थानिय लोगो की मदद से घायल महिला को सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने दलबल के साथ पहुचकर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को बरामद कर पोस्टमार्टम को लेकर सदर अस्पताल भेज दिया है।

# करंट लगने से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, चल रहा इलाज



**केटी न्यूज/ जहानाबाद**

- इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती

सिकरिया गांव बधार में बिजली की करंट लगने से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। लरसा गांव के पुनीत यादव गांव के खेत में काम करने के लिए जा रहा था। तभी 440 वोल्ट का तार टूट कर गिरा हुआ था, इस व्यक्ति का पैर बिजली के तार से स्पर्श हो गया जिसके कारण बिजली की करंट लग गई, जैसे ही इस व्यक्ति को बिजली की करंट लगी जोर-जोर से चिल्लाने लगा तभी उसे बचाने के लिए सिकरिया गांव निवासी सुरेंद्र राम वहां पहुंचा और वह उसे बिजली के तार से छुड़ाने का प्रयास करने लगा। इस दौरान सुरेंद्र राम को भी बिजली का करंट लग गया। जिसके कारण दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टर द्वारा गंभीर हालत को देखते हुए पुनीत यादव को पीएमसीएच रेफर कर दिया है ग्रामीणों का बताना है कि रवि फसल के मौसम होने के कारण बधार में लोग बिजली की तार ले जाकर मोटर चला पटवन का काम कर रहे हैं। इसी के कारण बिजली की तार टूटकर गिर गई जिसके कारण यह घटना घट गई।




### साइबर थानाध्यक्ष आकाश कुमार यादव ने साझा की जरूरी जानकारी

# सावधानी और सतर्कता ही साइबर ठगी से बचाव के उपाय

**केटी न्यूज/ औरंगाबाद**

लोगों को साइबर ठगी से बचाने व बढ़ते मामलों में कमी लाने के लिए पुलिस उपाधीक्षक सह साइबर थानाध्यक्ष आकाश कुमार यादव ने जरूरी जानकारी साझा करते हुऐ कहा कि वर्तमान डिजिटल युग मोबाइल फोन का इस्तेमाल बढ़ने के साथ इसके दुष्परिणाम भी लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी आए दिन नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

सोशल मीडिया पर अकाउंट को आरोपी हैक कर लेते है। फेसबुक, इंस्टाग्राम से फोटो लेकर अलग से अकाउंट बना लेते है। साइबर अपराध की रोकथाम में जागरूकता ही सबसे सशक्त माध्यम है। किसी भी प्रकार की अपनी गोपनीय जानकारी जैसे ओटीपी, एटीएम व आधार कार्ड नंबर और यूपीआइ पिन किसी से भी शेयर ना करें। किसी भी साइबर अपराध के घटित होने पर तुरंत प्रभाव से हेल्पलाइन नंबर-1930 पर काल कर शिकायत दर्ज कराएं। जैसे-जैसे तकनीकी का विकास हो रहा है वैसे ही अपराध के तरीकों में बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी अंजान को अपना एटीएम कार्ड व मोबाइल कभी न दें। उन्होंने एटीएम से रुपए निकालते समय बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति सचेत रहें। साइबर ठग फ्री का लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में सभी का जागरूक रहना जरूरी है। साइबर अपराध से बचने के लिए समय-समय पर अपनी आईडी का पासवर्ड बदलते रहे।



## बिजली की चिंगारी से घर में लगी आग

**रतनी।** प्रखंड क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में रविवार की रात बिजली की चिंगारी से एक घर में आग लग गई। इससे घर में सामान के साथ-साथ पांच हजार रुपये भी जलकर राख हो गए। रविवार की रात करीब 8 बजे उचिटा पंचायत के सुल्तानपुर गांव निवासी बखोरी बिंद के मकान के ऊपर पड़े छप्पर में अचानक आग लग गई। इससे परिवार के लोग घबरा गए। गांव वालों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक आग में गेहूं,चावल,राशन का सारा सामान, चारपाई, पहने ओढ़ने के कपड़े,पंखा, चार बकरी तथा दो बकरी का बच्चा,सहित पांच हजार रुपये भी जल गए।।



# डीडीओ की फटकार से बेहोश होकर गिरा स्टोनो, अस्पताल में भर्ती

❒ स्टोनो बोले- डीडीओ से मुझे जानमाल का खतरा है

**केटी न्यूज/बलिया**

विकास भवन में सोमवार की दोपहर उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब डीडीओ राजित राम मिश्र की फटकार से स्टोनो गौरी शंकर राम बेहोश होकर फर्श पर गिर गए। आनन–फानन में विकास भवन के अन्य कर्मचारियों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं उन्होंने डीडीओ से जानमाल का खतरा बताया है। घटना के बाद विकास भवन से लेकर जिला अस्पताल तक अफरा–तफरी का माहौल देखा गया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि डीडीओ का रवैया अपने अधीनस्थों के प्रति हमेशा बेरूखी रहता है। सोमवार को भी विकास भवन में रोज की भांति कर्मचारी अपने–अपने काम में मगन थे। तभी दोपहर के वक्त विकास भवन के प्रथम तल से अचानक चिल्लाने की आवाज आई। विकास भवन के सभी कर्मचारी जो जहां थे, डीडीओ के केबीन में गए तो देखा कि स्टोनों बेहोश होकर फर्श पर गिरा है। आनन–फानन में कर्मचारियों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।



उपचार के बाद होश आने पर स्टोनो गौरी शंकर राम ने डीडीओ पर आरोप लगाया कि डीडीओ हमेशा मुझे प्रताड़ित करते हैं। सोमवार को भी डीडीओ ने मुझे बलिया महोत्सव की फाइल पर नियम–शर्त आदि टाइप करने के लिए कहा कि और पूछा कि बताओ कितनी देर में कर दोगे। इस पर मेरे द्वारा कहा गया कि पांच मिनट के अंदर आपको दे रहा हूं। इस पर डीडीओ भड़क गए और मुझे तुम तड़ाक करते हुए भद्दी–भद्दी गालियां दी। डीडीओ का उग्र रूप देख मैं डर गया और मुझे चक्कर आने लगा। मैं कब बेहोश होकर गिर गया मुझे कुछ मालूम नहीं है। जब मुझे होश आया तो मैं खुदको जिला अस्पताल में पाया। डीडीओ पर आरोप है कि वे आए दिन स्टोनो के साथ गलौज करते हैं तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए हमेशा बेवजह डांटते रहते हैं। आरोप लगाया कि डीडीओ से मुझे जानमाल का खतरा है।

### क्या बोले डीडीओ

डीडीओ ने बताया कि स्टोनो की तबियत पहले से ही खराब थी। आज मेरे द्वारा सिर्फ इतना पूछा गया कि आप फाइल का काम कितनी देर में कर देंगे, इस पर उन्होंने बताया कि मेरी तबियत खराब है। इसके बाद मुझे पता चला कि स्टोनो जिला अस्पताल में भर्ती हैं। स्टोनो द्वारा मेरे उपर लगाए गए आरोप बेबुनियाद व निराधार है।

## ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर में एक व्यक्ति की मौत, दूसरा गंभीर

**मऊ।** रानीपुर थाना क्षेत्र के विनोद पुर गांव में चल्हा अंडरपास के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर में मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दिया जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा युवा गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया जाता है कि दीनदयाल राव पुत्र प्रीतम प्रसाद 26 वर्ष, प्रदीप कुमार पुत्र सिकिल चंद 23 वर्ष निवासी आसाउर थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर रानीपुर थाना क्षेत्र भूसुआं गांव से रविवार की शाम बरात करने निकले थे जैसे ही रानीपुर थाना क्षेत्र के विनोद पुर गांव चल्हा अंडरपास के पास के पास पहुंचकर किसी से पता पूछ रहे थे तभी सामने से आ रहा एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने दोनों युवकों को टक्कर मार दिया। जिसमें एक युवक दीनदयाल राव की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खबरें फटाफट

### चाकूबाजी में घायल, हमलावर गिरफ्तार

**बलिया।** बैरिया थाना क्षेत्र के रानीगंज बाजार में पंचायत भवन के पास एक बिरयानी के दुकान पर रविवार की रात साढ़े नौ बजे के लगभग दो युवकों में हुए विवाद में एक युवक द्वारा दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। चाकू के वार से रवि गुप्ता 30 वर्ष पुत्र विजय गुप्ता बुरी तरह से घायल हो गया। दोनों युवक अलग–अलग सम्प्रदाय के थे ऐसे में बिरयानी के दुकान पर बवाल की स्थिति उतपन्न हो गयी। घटना की सूचना पर मौके पर एसएचओ धर्मवीर सिंह अपने सहयोगियों के साथ पहुंच कर हमलावर युवक सहित चार को हिरासत में ले लिया।और लोगों को समझाबुझाकर मामला शान्त कराया। बताया गया कि रानीगंज बाजार निवासी रवि गुप्ता 30 वर्ष पुत्र विजय गुप्ता बिरियानी खाने के लिए उक्त दुकान पर गए थे। पीछे से अनवर 27 वर्ष पुत्र मुहम्मद टूना बिरियानी खाने के लिए उक्त दुकान पर पहुंचा था, उसके साथ तीन–चार युवक और थे। किसी बात को लेकर रवि और अनवर में कहासुनी हो गयी। जिसके बाद दोनों में हाथापाई होने लगी।

### सोनबरसा में पंखे से लटककर किशोर ने की खुदकुशी

**बलिया।** उभांव थाना के सोनबरसा गांव में सोमवार को पंखे से लटककर राजकुमार राजभर 15 वर्ष ने आत्महत्या कर लिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना के समय घर पर किशोर अकेले ही था। किशोर के नानी के निधन पर सभी परिजन उसके ननिहाल गाजीपुर गए थे। सोमवार को दोपहर बाद उसकी बहन और चाची जब घर लौटी तो कमरे को खोलवाना चाहा लेकिन काफी देर तक जब दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से अंदर देख उनके होश उड़ गए। जिसके बाद परिजनों की चीख पुकार सुन मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोल किशोर को नीचे उतारा और सीयर सीएचसी अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर दलबल के साथ पहुंचे उभांव एसआई संतोष कुमार ने मौका मुआयना किया ।

### बलिया के सहतवार थाना के मुड़ाडीह गांव के पास गड्ढे के कारण हादसा

# छात्रों से भरी स्कूल वैन असंतुलित होकर पलटी, सभी बच्चे सुरक्षित

◆ अभिभावकों ने जिला प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों को कोसा

**केटी न्यूज/बलिया**

सहतवार थाना अंतर्गत मुड़ाडीह गांव की ओर जाने वाली खस्ताहाल सड़क पर सोमवार की सुबह छात्रों से भरी स्कूल वैन असंतुलित होकर पलट गयी। हादसे के बाद चीख पुकार मच गयी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल वैन से सभी बच्चों को बाहर निकाल लिया। सभी बच्चे सुरक्षित हैं। वहीं घटना के बाद अभिभावक भी काफी संख्या में मौके पर पहुंच गए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि लिटिल स्टार स्कूल सहतवार की स्कूल वैन गांव से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। तभी गड्ढा में तब्दील हो चुकी सड़क पर वैन पलट गई। सड़क बनाने की शिकायत गांव के लोग शासन प्रशासन से कर चुके हैं, लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा इस दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों की मानें तो संयोग बढ़िया रहा कि कुछ हुआ नहीं।




ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग आए दिन जर्जर सड़क को लेकर आवाज उठाते रहते हैं, लेकिन हम लोगों की सुनवाई नहीं होती है। आज वैन पलटी है तो हो सकें जिला प्रशासन कुंभकर्णी निद्रा से जगे। उधर वैन पलटने की सूचना पर डरे-सहमे अभिभावक मौके पर पहुंचे। हालांकि अपने लाडले को सुरक्षित पाकर काफी खुश दिखे। इस बीच वे बलिया के जनप्रतिनिधियों को कोसते हुए नजर आए।

### सड़क दुर्घटना में पूर्व प्रधान के पुत्र की मौत

**बलिया।** शहर स्थित ओवर ब्रिज पर रविवार की रात दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। हादसे की सूचना मिलते ही घर–परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मनियर थाना क्षेत्र के मुड़ियारी गांव के पूर्व प्रधान श्याम बिहारी सिंह के पुत्र आदित्य कुमार सिंह (24) रविवार की रात किसी के जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के बाद गांव लौट रहे थे। इसी बीच, ओवर ब्रिज पर सड़क दुर्घटना में वह बुरी तरह से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आदित्य को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। इस घटना से चहुंओर शोक की लहर है। गांव में शोक की लहर व्याप्त है। बता दे कि मृतक के पिता श्याम बिहारी सिंह एवं मां पत्नी मंजू सिंह मुड़िया गांव की प्रधान रह चुकी हैं। आदित्य की मौत से मां मंजू सिंह व पिता श्याम बिहारी सिंह समेत परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

### पूरा देश ओवैसी साहब को आशा भरी निगाहों से देख रहा: शमीम खान

**बलिया।** एआईएमआईएम पार्टी की बैठक सोमवार की दोपहर बहेरी स्थित कैंप कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक के उपरांत पदाधिकारियों ने प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान के नेतृत्व में पूरे नगर में सदस्यता अभियान चलाया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि आज पूरा देश बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब को आशा भरी निगाहों से देख रहा है। आज हम पार्टी के लोगों की जिम्मेदारी है कि देश में फैले हुए भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बढ़ते हुए अपराध से जनता को निजात दिलाएं। पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मुकुल देशमुख ने कहा कि आज बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब ने पूरे देश के दलित, शोषित व वंचित समाज को आगे बढ़ने का एक राजनीतिक मंच दिया है। जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान ने कहा कि बहुत जल्द संगठन का कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आगामी 31 दिसंबर तक पचास हजार सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य समय से पहले हम लोग पूरा कर लेंगे। जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम ने कहा कि पूरे जनपद के हर विधानसभा में सदस्यता अभियान जोरों से चलाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, जिला सचिव शकील अहमद, जिला सचिव दीपक यादव, ब्लाक अध्यक्ष निहाल अहमद, रामकुमार राजभर, त्रिभुवन नाम आदि लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने गोबर से पेंट बनाने वाली परियोजना का किया शुभारंभ



**केटी न्यूज/मऊ**

◆ परियोजना के प्रारंभ होने से समूह से जुड़ी महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन में होगी वृद्धि

विकासखंड दोहरीघाट के ग्राम पंचायत गोठा में स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित होने वाली गोबर से पेंट बनाने की परियोजना का शुभारंभ जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान डीसी एनआरएलएम सरिता गुप्ता ने बताया कि गोबर से पेंट बनाने वाली फैक्ट्री के निर्माण में कुल 26.45 खर्च हुए हैं,जिसमें मशीन हेतु 17.45 लाख, बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन हेतु 8 लाख तथा प्रशिक्षण हेतु 1 लाख रुपए खर्च हुए है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में 10 समूह की 100 महिलाओं को जोड़ा जाएगा, जिससे इनको रोजगार भी प्राप्त होगा। फैक्ट्री में बनने वाले इस पेंट का 05 किग्रा,10 किग्रा एवं 20 किग्रा का वर्तमान मूल्य क्रमशः 450, 800 एवं 1500 रुपए के अतिरिक्त जीएसटी 18% है। इस परियोजना के तहत निर्मित होने वाले पेंट वर्तमान में बाजार में उपलब्ध पेंट बर्जर, एशियन आदि से काफी कम मूल्य पर उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि इस फैक्ट्री के संचालन के लिए एकता महिला प्रेरणा लघु उद्योग द्वारा गौ संरक्षण केंद्र गोठा से गाय का गोबर मुफ्त में लिया जाएगा एवं जरूरत पड़ने पर इस गौशाला में पशुओं की संख्या बढ़ाई जाएगी या पास में बने गौ आश्रय केंद्र से भी गोबर का उठान कर पेंट का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित स्वयं सहायता समूह एवं गांव की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि गोबर से पेंट बनाने वाली मशीन 8 घंटे में 500 लीटर पेंट बना सकती है। इस प्रकार एक माह में कुल 15 हजार लीटर पेंट बनाया जा सकता है। परियोजना के तहत निर्मित 1 लीटर पेंट पर लागत छोड़कर लगभग 10 से 15 रुपए तक का फायदा समूह को होगा, जिससे 15 हजार लीटर पेंट पर समूह को 1.5 लाख से 2.25 लख रुपए तक मासिक फायदा होगा।अगर परियोजना से 100 महिलाओं को जोड़ा जाए तो प्रति महिला को 1500 से 2250 रुपए का फायदा होगा।

## जिलाधिकारी ने किया विद्यालय का निरीक्षण

◆ 237 छात्रों का डीबीटी के माध्यम से भुगतान हो गया

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार सोमवार को शिक्षा क्षेत्र दुबहड़ के शिवपुर दियर नंबर- वन स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों एवं अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। साथ ही एमडीएम रजिस्टर में पिछले तीन दिन के बच्चों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली।

प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक मिलाकर कुल दस शिक्षक हैं। विद्यालय में कुल 266 बच्चे पंजीकृत हैं,इनमें से मौके पर 195 बच्चे ही पाए गए। इनमें 96 बालक और 99 बालिकाएं थी। उसने बताया कि 237 छात्रों का डीबीटी के माध्यम से भुगतान हो गया है। दिसंबर तक विद्यालय को निपुण



बनाने का लक्ष्य रखा गया है। एआरपी को सहयोग कर फीडबैक दिया जा रहा है। इस विद्यालय की व्यवस्था सुधारने में ग्राम प्रधान ने भी सहयोग किया है।

इसके बाद जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य से पूछा कि कायाकल्प योजना के अंतर्गत कितने पैरामीटर पर विद्यालय संतृप्त है, तो प्रधानाचार्य ने बताया कि लगभग सभी 19 पैरामीटर पर विद्यालय संतृप्त है जैसे पेयजल, समरसेबल, रैम्प,हैंड वॉशिंग यूनिट, बालक-बालिकाओं के लिए अलग शौचालय एवं दिव्यांगों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था, विद्यालय के कमरों के फर्श पर टाइल्स के साथ-साथ रसोईघर के फर्श पर भी टाइल्स लगा था। बच्चों को बैठने के लिए डेस्क ब्रेन्च की व्यवस्था थी। स्कूल की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने बच्चों से बातचीत कर उनके खाने और किताबों के बारे में पूछा। बच्चों ने बताया कि फल में केला दिया गया था। उन्होंने प्रधानाचार्य को विद्यालय परिसर और रसोई घर के बाहर की साफ सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य गणेश जी सिंह मौजूद थे।

### अबैध रूप से बिहार जा रही 42 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

**मऊ।** दोहरीघाट थानाध्यक्ष दोहरीघाट कल्पना मिश्र ने जबसे दोहरीघाट थाने की कमान संभाली है तब से अपराध और अपराधियों के विरुद्ध प्रचण्ड कार्यवाही एवम खुलासे हो रहे है जिससे अपराध और अपराधी प्रवृति के लोगो मे खौफ छाया हुआ है। क्षेत्र में कई चोरियो का खुलासा, पशु चोरी में पशु तस्करों के पकड़ा जाना, इसी क्रम में गश्त के दौरान पुलिस पिकेट से कुछ दूरी पर गस्त कर रही कल्पना मिश्र और वरिष्ठ उप निरीक्षक ओम प्रकाश पांडेय व पुलिस बल रविवार की रास्त्री में गश्त कर रहे थे कि बड़हलगंज की तरफ से तेज गति से आ रही पिकप थानाध्यक्ष और पुलिस बल को देखते हुए पिकप का चालक वाहन को छोड़ कर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष कल्पना मिश्र तथा पुलिस बल ने पकड़ने हेतु दौड़ाया परन्तु चालक अंधेरे का लाभ उठा कर मौके से फरार होने के सफल रहा।




### रेल दुर्घटना आपदा पर एक परिदृश्य को तैयार कर किया गया मॉक अभ्यास

# एनडीआरएफ और रेल प्रशासन ने किया संयुक्त मॉक अभ्यास

**केटी न्यूज/ मऊ**

आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत श्री मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीम द्वारा डिविजनल रेल मंडल वाराणसी के अधिकारियों एवं कार्मिकों तथा अन्य विभिन्न एजेंसियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने हेतु संयुक्त मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया। मऊ यार्ड में रोशन लाल यादव, एडीआरएम, अरुण कुमार, आई.ए.एस, - जिलाधिकारी, अविनाश पांडे - आईपीएस, पुलिस अधीक्षक उपस्थिति में एवं प्रेम कुमार पासवान, उप कमांडेंट की देखरेख मे तथा निरीक्षक इन्द्रदेव कुमार के






नेतृत्व मे एनडीआरएफ टीम ने रेलवे आपदा प्रबंधन टीम के आपदा विशेषज्ञ, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मऊ एवं अन्य सभी हितधारकों के साथ रेल दुर्घटना आपदा पर संयुक्त मॉक अभ्यास आयोजित किया। संयुक्त मॉक अभ्यास के दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार ने इस अभ्यास से जुड़े अधिकारियों के साथ जानकारियों को साझा भी किया। रेल दुर्घटना आपदा पर एक परिदृश्य को तैयार किया गया था, जिसमे मऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन के मऊ यार्ड निकट कोचिंग डिपो, लाइन नम्बर -14 के पास ट्रेन नंबर - 05251 मेला स्पेशल, कोच नम्बर - 00054, 3एसी की एक बोगी ट्रैक से उतर गई थी जिसके कारण बोगी क्षतिग्रस्त हो गई है एवं बोगी के अंदर पीड़ितों के फसे होने का प्रदर्शन किया गया। तदनुसार, स्टेशन मास्टर - नीरज कुमार द्वारा ई.ओ.सी. (इमर्जेंसी आपरेशन सेन्टर) एव रेलवे कंट्रोल रूम को सूचित किया गया। जिसने एनडीआरएफ के नियंत्रण कक्ष और सभी संबंधित हितधारकों को आपात प्रतिक्रिया के लिए सूचित किया।

## खबरें फटाफट

### चचेरे भाई की बारात में आए युवक की कुएं में गिरने से मौत

**गाजीपुर।** सुहवल गांव में अपने चचेरे भाई की बारात में आया मेराज निवासी धरम्मरपुर थाना करंडा बगल के एक कुएं में अचानक अनियंत्रित होकर गिर गया। इससे अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने कडी मशक्कत के बाद किसी तरह उसे कुएं से बाहर निकाला। जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है। उधर सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के उपरांत उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेंज दिया। घटना के बाद से ही मृतक की मां फरजाना सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के चलते गांव में सन्नाटा पसरा है।

### 70वीं ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र के सुहवल इंटरकालेज के खेल मैदान पर सोमवार को 70वीं ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि इंटर कालेज के प्रधानाचार्य हरेंद्र सिंह एवं बीईओ? अशोक कुमार गौतम ने दीप प्रज्वलित करने के साथ ही? मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया। पहले दिन प्राथमिक व उच्च प्राथमिक बालक, बालिका वर्ग के विभिन्न तरह के खेलों में 104 विद्यालयों के करीब 200 छात्र - छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्राथमिक वर्ग के 50 मीटर बालक वर्ग में अरूण प्रथम व मोनू द्वितीय इसी तरह बालिका वर्ग सुरभि प्रथम, बबिता द्वितीय इसी तरह प्राथमिक वर्ग के 100 मीटर बालक वर्ग में प्रीतम प्रथम व शिव द्वितीय जबकि 100 मीटर के ही बालिका वर्ग में रजनी प्रथम व सुहानी द्वितीय रहे।उच्च प्राथमिक वर्ग बालक वर्ग के ऊंची कूद में राकेश प्रथम व राजकुमार द्वितीय रहे।

### मजदूर को गोली मारने वाला गिरफ्तार

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर भट्ठे पर मजदूर को गोली मारने के मामले में पिछले पांच दिनों से फरार चल रहे आरोपी रामअवध यादव को सोमवार की सुबह करीब साढे नौ बजे पुलिस ने उतरौली स्थित के भट्ठे के समीप से दबोच लिया। कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हमले म प्रयुक्त 315 बोर का एक तमंचा व एक अदद खोखा बरामद किया। थाने लाकर उससे पूछताछ के बाद उसका चालान कर दिया। मालूम हो कि बीते बुधवार की शाम करीब पांच बजे किसी बात को लेकर आरोपी ने वहाँ काम कर रहे मजदूर लालबचन राम 32 वर्ष गोली मार दी। जिसके चलते वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था,घायल के पिता के तहरीर के आधार पर पुलिस पकडे गये आरोप के खिलाफ हत्या के प्रयास,एससी एसटी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गई थी। प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी को दबोच चालान कर दिया गया ।

### गैंग बना लूट को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को दबोचा

**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार पर जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध अंकुश लगाने के क्रम में सोमवार को बलुवा पुलिस ने सरायरसूलपुर स्थित बाबा फलाहारी दास मंदिर के समीप गैंग बनाकर लूट को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाश को धर दबोचा जिनके पास से लूट के बीस हजार पांच सौ रुपये व एक स्मार्टफोन बरामद किया गया उक्त मामले का खुलासा अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में किया। उन्होंने बताया कि बलुवा थाना क्षेत्र के सोनहुला स्थित राईस मिल के पास मिल मालिक शिवदयाल गुप्ता के मकान के बरामदे से उनकी पत्नी गीता देवी से दो बदमाश 50000 लूट कर भाग गए थे।

# स्वच्छ ऊर्जा से संचालित होगा ललितपुर का बल्क ड्रग पार्क

### पार्क के आस-पास बनाए जाएंगे साइकिल ट्रैक

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्पबद्ध योगी सरकार की भविष्य की सभी बड़ी परियोजनाएं स्वच्छ ऊर्जा पर आधारित होंगी। इसके लिए योगी सरकार की ओर से बड़े स्तर पर कार्य योजना तैयार कर बड़े-बड़े प्लांट सोलर एनर्जी से संचालित करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में ललितपुर के बल्क ड्रग पार्क को लेकर लोवर कार्बन फुटप्रिंट पर काम कर रही है। इसके तहत जहां सोलर एनर्जी से ऊर्जा उत्सर्जित की जाएगी वहीं ग्रीन एनर्जी की दिशा में ये बड़ा कदम होगा। इसके लिए कुछ निजी कंपनियों से वार्ता चल रही है। वहीं योगी सरकार बल्क ड्रग पार्क में हर्बल दवाओं की भी यूनिट लगाएगी। इसके लिए एक निजी कंपनी से एमओयू साइन कर लिया गया है।

योगी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मिशन की तरह धरातल पर उतारने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2070 तक कार्बन उत्सर्जन में नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सीएम योगी ने प्रदेश की सभी बड़ी परियोजनाओं में स्वच्छ ऊर्जा का प्रयोग करने के निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में ललितपुर के बल्क ड्रग पार्क में सोलर एनर्जी का प्रयोग किया जाएगा। इतना ही नहीं बल्क ड्रग पार्क के आस-पास केवल स्वच्छ ऊर्जा के वाहनों का ही इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए जगह-जगह पर साइकिल ट्रैक बनाए जाएंगे, जहां पर किराए पर साइकिलें उपलब्ध होंगी। ललितपुर में स्वच्छ ऊर्जा के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए पूरे शहर में साइकिल और इलेक्ट्रिक व्हीकल स्टेशन बनाए जाएंगे। सड़क के दोनों किनारों पर पैदल पथ के साथ हरित पट्टियों एवं ग्रीन वे विकसित किया जाएगा।

बल्क ड्रग पार्क में हर्बल दवाओं के निर्माण के लिए विकसित किया जाएगा हर्बल पार्क

योगी सरकार प्रदेश को हर्बल दवाओं को हब बनाने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए बल्क ड्रग पार्क में हर्बल दवाओं की यूनिट को विशेष महत्व दिया जा रहा है, जहां पर रिसर्च के साथ बड़ी मात्रा में आयुर्वेदिक दवाओं का निर्माण होगा। इसके लिए सीएसआईआर की 43 लैब से एमओयू साइन किया गया है। यहां पर हर्बल दवाओं के रिसर्च के साथ सस्ती दवाओं के निर्माण पर काम किया जाएगा। ललितपुर के बल्क ड्रग पार्क में हर्बल दवाओं के निर्माण के लिए हर्बल पार्क भी विकसित किया जाएगा ताकि जड़ी बूटी के लिए परेशानी न हो।

### कनेक्शनधारियों को वर्तमान में पांच किग्रा का सिलेण्डर निर्गत किया गया

# पीएम उज्ज्वला योजना : दो नि:शुल्क एलपीजी सिलेंडर दिए जाने का सरकार ने लिया निर्णय

■ 14.2 किग्रा के उज्ज्वला लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेंडरों की सुविधा अनुमन्य होगी

**केटी न्यूज /गाजीपुर**



जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण नवंबर से दिसंबर तथा द्वितीय चरण में जनवरी 2024 से मार्च 2024 तक दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

इसके क्रियान्वयन के लिए गैस कम्पनियों तथा घरेलू गैस एजेन्सियों द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा के संबंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा लीड बैक मैनेजर यूबीआई गाजीपुर के साथ आईओसी एवं बीपीसी (एलपीजी) के सेल्स आफिसर/विक्रय प्रबंधकों एवं जनपद के समस्त घरेलू गैस एजेन्सियों के स्वामियों/प्रतिनिधियों और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों तथा सभी पूर्ति निरीक्षकों के साथ 04 नवंबर को अपराह्न तीन बजे रायफल क्लब में बैठक की गई।

वर्तमान में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 291420 है, जो जिले के 65 घरेलू गैस एजेन्सियों के कनेक्शन धारक हैं। शासन द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में निम्न व्यवस्था की जानी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के ऐसे एसीटीसी लाभार्थी जिनके बैंक खाते आधार लिंक होगे तथा जिनके आधार प्रमाणित होंगे। उक्त योजना के लिए पात्र होंगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत निर्गत होने वाले डीबीसी (लाभार्थी को दिए गए दूसरे सिलेंडर कनेक्शन) पर लागू नहीं होगी। ऑयल कम्पनियों द्वारा जिन उज्ज्वला योजना के कनेक्शनधारियों को वर्तमान में पांच किग्रा का सिलेण्डर निर्गत किया गया है, उनको उनकी मॉग पर 14.2 किग्रा के सिलेण्डरों में परिवर्तित किए जाने का विकल्प दिया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत मात्र 14.2 किग्रा के उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेंडरों की सुविधा अनुमन्य होगी। इस योजना के अन्तर्गत सर्वप्रथम उपभोक्ता अपने स्तर से उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर रिफिल प्राप्त करेगा। इसके उपरान्त सब्सिडी की धनराशि उसके आधार प्रमाणित खाते में तेल वितरण कम्पनी द्वारा अंतरित की जाएगी। ऑयल कम्पनियों द्वारा केन्द्रीय सब्सिडी तथा राज्य द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी का अन्तरण लाभार्थियों के खाते में पृथक-पृथक किया जाएगा। इस योजना के अन्तर्गत एसीटीसी के लाभार्थियों जिनका आधार बैक खाते से सत्यापित/प्रमाणित होकर लिंक है। सर्वप्रथम उन्हीं लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिया जाना है। उज्ज्वला योजनान्तर्गत आच्छादित अवशेष लाभार्थियों के जैसे-जैसे आधार प्रमाणित होते जाएंगे, उसी क्रम में उन्हें इस योजनान्तर्गत आच्छादित किया जाएगा। इसके लिए जिन एसीटीसी/बीसीटीसी लाभार्थियों का अभी तक आधार प्रमाणीकरण सत्यापन नहीं हो पाया है, उनका ऑयल कम्पनियों द्वारा अभियान चलाकर आधार प्रमाणन एवं ई-केवाईसी कराया जाएगा। जिसमें प्रशासन द्वारा सहयोग किया जाएगा। सभी एजेंसी संचालकों द्वारा बैठक में जानकारी उपलब्ध कराई गई कि उनके पास पर्याप्त संख्या में डिवाईसे (मशीने) उपलब्ध है और सप्ताह में लाभार्थियों की सुविधा को देखते हुए सातों दिन एजेन्सी पर वर्किंग-डे कर दिया गया है। इससे जैसे ही उज्ज्वला योजना का लाभार्थी एजेन्सी कार्यालय पर आए उसका उज्ज्वला योजना का कनेक्शन का केवाईसी अपडेट करा दिया जाए और उसका आधार सत्यापित कराकर उसके बैंक खाते से जुड़वा दिया जाए।

## एडीओ पंचायत ने औचक निरीक्षण कर जाना सफाई का हाल



**केटी न्यूज/चहनियां**

(चंदौली)। गाँव में साफ सफाई न होने की शिकायत पर साफ सफाई का जायजा लेने के लिए सोमवार को मारूफपुर व बलुआ गांव पहुंचे एडीओ पंचायत बजरंगी पाण्डेय ने स्थलीय निरीक्षण करके ग्रामीणों से सच्चाई जाना। इस दौरान वे सफाई कर्मियों का बचाव करते रहे। बलुआ के अमृत चौरसिया व मारूफपुर के लोगों ने गांव में साफ सफाई न होने की शिकायत स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय के लोकसभा चंदौली नामक व्हाट्सप्प ग्रुप पर शिकायत किया था। उसी शिकायत की जाँच के लिए चहनियां का अतिरिक्त प्रभार देख रहे सकलडीहा के एडीओ पंचायत बजरंगी पाण्डेय ग्राम पंचायत अधिकारी आनंद यादव के साथ मारूफपुर व बलुआ गांव में साफ सफाई का जायजा लिया। शिकायतकर्ता व ग्रामीणों द्वारा गाँव में फैली गन्दगी दिखाने व सफाई कर्मियों के गांव में कभी कभार आने की बात बताने पर एडीओ पंचायत ने कहा कि आप लोग झूठ बोल रहे हैं।

### डाला छठ पूजा के लिए मानसरोवर तालाब की हुई साफ सफाई

**पीडीडीयू नगर।** छठी मैया की जय हर हर महादेव के नारे के साथ मान सरोवर की साफ सफाई शुरू कर दी गई है। श्री श्री सूर्य देव मंदिर मानसरोवर तालाब छठ पूजा सेवा न्यास के सदस्यों ने मानसरोवर तालाब को घुटने पर पानी में घुसकर साफ-सफाई की। इस दौरान भारी गंदगी बदबूदार शराब की बोतलें गिलास पानी की पन्नी, बोतल का टुकड़ा पुरानी पुरानी मूर्तियां भारी मात्रा में निकाली गई। सुरक्षा के लिए कार्यकर्ता सरसों का तेल हाथ और पैरों में लगाकर घुसे थे। संस्था के संस्थापक कृष्ण गुप्ता ने कहा कि मानसरोवर तालाब की रोज सुबह 10बजे से 12 तक कार्यकर्ताओं द्वारा साफ सफाई की जाएगी ।मानसरोवर तालाब जनपद का आस्था का केंद्र है इसकी सुरक्षा साफ-सफाई और सुंदरता बनाए रखने में कई बार जिला अधिकारी महोदय पुलिस अधीक्षक महोदय को पत्र लिखकर अवगत कराया गया।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में नौनिहालों ने दिखाई प्रतिभा



**केटी न्यूज/ अलीनगर**

(चंदौली)। क्षेत्र के सरेसर वन विभाग के प्रांगण में सोमवार को सकलडीहा ब्लाक के 13 संकुल के परिषदीय विद्यालयों का बाल कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न तरह के खेलों में प्रथम द्वितीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर मुख्य अतिथि सीओ अनिरुद्ध सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं अतिथियों ने गुब्बारे व कबूतर छोड़कर शांति का संदेश दिया। इसके अलावा ध्वजारोहण किया गया।

क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सरेसर के सहयोग से वन विभाग के प्रांगण में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 50,100, 200,400 मी दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद,डिस्कस, लोकगीत, पीटी,चक्र प्रक्षेप, मिल प्रक्षेप,समूह गान सहित तमाम खेलों का प्रदर्शन प्राथमिक व उच्च प्राथमिक के विभिन्न विद्यालयों के बालक व बालिका वर्ग ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इसमें प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### श्रीकाली मंदिर मे चल रहा सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ

# भगवान भक्त के भीतर अभिमान नहीं देख सकतेः अखिलानंद

■ रासलीला आध्यात्मिक दृष्टि से काम के विनाश की लीला

**केटी न्यूज /पीडीडीयू नगर**





स्थानीय शाहकुटी के समीप श्रीकाली मंदिर मे चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के षष्ठम दिवस व्यासपीठ से सत्संग करते हुए श्रीभागवत व श्री मानस मर्मज्ञ श्रद्धेय अखिलानन्द जी महाराज ने अपने उद्बोधन मे माखन लीला गोवर्धन व रासलीला का दर्शन कराते हुए कहा कि प्राकृतिक जीव माखन लीला को माखन चोरी लीला कहते हैं लेकिन जिन्हे हम ईश्वर मानते हैं वे चोरी कैसे कर सकते हैं आंतरिक दृष्टि से भगवान गौ पालक हैं तो गौ से ही दुग्ध माखन आदि प्राप्त होते हैं। जो कर के रूप मे कंस को दिया जाता था। भगवान ने विचार किया गौ का पालन हम ग्वाल बाल करते हैं तो उसका फल भी उन्हे ही प्राप्त होना चाहिए जिसके फलस्वरूप भगवान द्वारा माखन चोरी लीला की जाती है। गोवर्धन लीला का रसपान कराते हुए कहा कि भगवान भक्त के भीतर अभिमान नहीं देख सकते जब इंद्र को अपने इंद्रत्व का अभिमान हुआ तो भगवान को गोवर्धन लीला करनी पड़ी। और उन्होनें उक्त लीला करके प्रकृति की पूजा करायी । लीला आध्यात्मिक दृष्टि से गो का अर्थ इंद्रीय से है अर्थात अपनी इंद्रीयों को परमात्मा को समर्पित करना ही गोवर्धन लीला है। दूसरे भाव से देखा जाय तो गो का अर्थ गौ से है अर्थात गौ का संवर्धन ही गोवर्धन लीला है। रास पर चर्चा करते हुए कहा कि रासलीला जीवात्मा और परमात्मा का मिलन ही रास है सांसारिक जीव रास मे काम का दर्शन करता है। लेकिन आध्यात्मिक दृष्टि से रासलीला काम के विनाश की लीला है । क्योकि रासमंडल मे जितनी गोपिकाए हैं वह कोई साधारण मनुष्य नहीं बल्कि ऋषि रूपी गोपिकाएं हैं ।कथा श्रवण करने वालों में मुख्य रूप से सदानंद दूबे जी,अनिल सिंह,मनोज पाण्डेय, गोपाल शर्मा, ओम तिवारी, पी एन सिंह, उपेन्द्र सिंह, बृजेश सिंह संजय अग्रवाल, संतोष शर्मा,यज्ञनारायण सिंह, दिनेश सिंह, कन्हैयालाल जायसवाल, छाया पाण्डेय, पूनम सिंह, रेखा अग्रवाल, संतोष पाठक, राजेश तिवारी, सहित भक्तों ने कथा रूपी अमृत का रसपान किया ।

## एक नजर

### शिक्षा जगत के मालवीय को काशी विद्यापीठ के कुलपति ने किया माल्यार्पण



**गाजीपुर।** जनपद के मरदह क्षेत्र में शिक्षा की अलख दशकों पहले जगाने वाले मालवीय के रूप में विख्यात पचोतर नेशनल इण्टर कॉलेज के संस्थापक स्व. बाबा नौबत दास की विद्यालय परिसर में स्थित प्रतिमा पर सोमवार को वाराणसी से मऊ जनपद में एक कार्यक्रम में जाते वक्त महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार त्यागी ने माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा ऐसे विभूतियां कभी-कभी जन्म लेती है। इनके आर्दशों को हर? व्यक्ति को आत्मसात करना चाहिए। यह हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। इनसे प्रेरणा लेकर शिक्षा क्षेत्र में निरंतर कृतिमान स्थापित करने की जरूरत है। जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा के पूर्व कुलपति प्रो.हरिकेश सिंह ने माल्यार्पण कर कहां कि स्व.बाबा नौबत दास ने अपनी निजी 22 बीघा जमीन इस कॉलेज के लिए दान करने के साथ ही पिछड़े इलाके में पीएन इंटर कालेज की संस्थापना करने वाले पहले व्यक्ति हैं। इस मौके पर विद्यापीठ वाराणसी के सचिव हरिश्चंद्र, लल्लन सिंह, प्रधानाचार्य जनार्दन सिंह कुशवाहा, डॉ राजकुमार सिंह, संजय सिंह, सतीश सिंह, अशोक कुमार सिंह, समेत विद्यालय परिवार के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### ताइकवांडो चैंपियनशिप में गोल्ड जीत कर उत्कर्ष तिवारी ने जिले का बढ़ाया मान



**पीडीडीयू नगर।** प्रयागराज के इंटर कालेज में आयोजित ताइक्वांडो चैंपियनशिप तके मुगलसराय के लाल उत्कर्ष तिवारी ने अंडर 21 चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर कीर्तिमान स्थापित कर जनपद को गौरवान्वित किया। नगर क्षेत्र निवासी राधा रमन के होनहार पुत्र उत्कर्ष तिवारी कक्षा 2 के छात्र हैं। जो ताइक्वांडो अंडर 21 चैंपियनशिप में अपने प्रतिद्वंदी अभिनव प्रकाश और अर्थ कुमार को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया।उत्कर्ष तिवारी ने अपने कोच सतीश कुमार के मार्गदर्शन में इस उपलब्धि से जनपद का नाम रोशन किया।ताइक्वांडो एसोसिएशन कौशांबी के प्रेसिडेंट अनुराग सिंह ने मेडल पहनाकर उसकी हौसला अफजयी किया और आगे उन्नति करने का आशीर्वाद दिया।कोच सतीश कुमार ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की है।

### दीपावली पूर्व पुलिस का चला डंडा, आतिशबाजी के जखीरा के साथ व्यापारी गिरफ्तार



**गाजीपुर।।** जंगीपुर पुलिस द्वारा अवैध आतिसबाजी के जखीरे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देश पर थानध्यक्ष जंगीपुर मय हमराह द्वारा एक नफर अभियुक्त को काटूनों में रखे आतिशीबाजी पटाखे कुल वजन 346 कि0ग्राम के साथ गिरफ्तार किया गया है । जिसके समबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 159/23 धारा 5/9 विस्फोटक अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक की जा रही है

### कब्बड्डी में चंदौली ने वाराणसी को हराया



**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के फुटिया गांव में दो दिवसीय कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक टीमों ने भाग लिया। जिसमें सोमवार को सभी टीमों को पछाड़ते हुए चंदौली महेंद्र टेक्निकल और वाराणसी की टीम फाइनल मैच खेला। इसमें चंदौली की टीम ने वाराणसी को 41-22 से हरा दिया बतौर मुख्य अतिथि सैयदराजा पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हूए कहा कि दोनों टीम के खिलाड़ियों ने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया।जिसमें चंदौली की टीम ने वाराणसी की टीम बड़े अंतर से हराया है।जो दशार्ता है कि जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैःकमी है तो संसाधनों की और जनप्रतिनिधियों के इच्छाशक्ति की।मैं चाहता हूं कि शासन-प्रशासन इस पर विशेष ध्यान दें।जल्द से जल्द जिले में स्टेडियम का निर्माण कराया जाए,ताकि चंदौली के बच्चे देश-विदेश जाकर जिले का नाम रोशन करें।वहीं छित्तो फुटिया हाइवे पर अंडरपास की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक से मदद की गुहार लगाई। जिस पर पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने आश्वासन दिया ग्रामीणों की मांग को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों से बात अंडर पास बनवाने का काम किया जाएगाःइस दौरान जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाएं आज भी दबी है बस उनको निखारने की जरूरत है जिस दम काम के साथ चंदौली के युवाओं ने कबड्डी में प्रदर्शन किया वह काबिले तारीफ है। इस दौरान ग्राम प्रधान वीरेंद्र यादव, उदय प्रताप सिंह पप्पू, छोटेलाल मिथिलेश कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### डीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग का चला डंडा, 10 का लिये नमूने, मचा हड़कंप

**गाजीपुर।।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के आदेश पर आर0सी0 पाण्डेय सहायक आयुक्त (खाद्य)गाजीपुर के निर्देशन में दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूध पर्व के अवसर पर जनपद गाजीपुर के आम जनमानस को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अभियान चलाकर कुल 10 नमूनें संग्रहित किये गये, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत है-तलिया गाजीपुर स्थित प्रकाश कुमार के प्रतिष्ठान से बूंदी के लड्डू का 01 नमूना, युसुफपुर मुहम्मदाबाद गाजीपुर स्थित फैमिली मेगा मार्ट से छोहाडा एवं काजू का 01-01 नमूना, युसुफपुर मुहम्मदाबाद गाजीपुर स्थित सुनील के प्रतिष्ठान से बादाम पट्टी का 01 नमूना, महेशपुर मुहम्मदाबाद गाजीपुर स्थित अनिल के प्रतिष्ठान से रस्क का 01 नमूना, फूल्लनपुर निकट रेलवे क्रासिंग गाजीपुर स्थित मृत्युंजय कुमार के प्रतिष्ठान से लकठा (गुड, मैदा, चावल) का 01 नमूना एवं संग्रहित नमूनों में नोनहरा रोड कठवामोड़ गाजीपुर स्थित राधेश्याम की डेयरी से मिश्रित दूध का 01 नमूना, नोनहरा रोड कठवामोड़ गाजीपुर दूधिया धनंजय से मिश्रित दूध का 01 नमूना, नोनहरा रोड कठवामोड़ गाजीपुर दूधिया अनिल यादव से गाय का दूध का 01 नमूना, नोनहरा रोड कठवामोड़ गाजीपुर स्थित यदुवंशी डेयरी से पनीर का 01 नमूना, संग्रहित नमूनें खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उ0प्र0 प्रेषित किये जा रहें है, जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम- 2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी।